**सुविचार**
सफलता एक परीक्षा हैं इसे पाने के लिए मेहनत करना जरुरी हैं।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
सिर्फ पैसों के लिए करती हूं फिल्में : कंगना

Ranchi ● Wednesday, 24 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 127 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 61,981.79 |
| निफ्टी | : | 18,348.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,735 |
| चांदी | : | 78.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### दुष्कर्म में दोस्त का सहयोग करने के दोषी को 20 साल की कैद

**RANCHI :** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोस्त का सहयोग करने के दोषी को पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। बीते शनिवार को कोर्ट ने नाबालिग को दोषी ठहराया था। मामले के मुख्य आरोपित संजय सिंह मुंडा एवं दीपक सिंह मुंडा को अदालत मार्च, 2020 में उम्रकैद की सजा सुना चुकी है। अभियोजन की ओर से मामले में आठ गवाही कराई गई। घटना को लेकर पीड़िता ने सोनाहातू थाना में 16 मई, 2018 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि नाबालिग शाम सात बजे जब अपने घर से बाहर निकली तो एक ने उसके साथ दुष्कर्म किया था जबकि नाबालिग लड़के ने दोस्त का सहयोग किया था।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन को गिराकर 14 करोड़ की हेरोइन की बरामद

**CHANDIGARH :** पंजाब की भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ ने अमृतसर में बीओपी राजाताल के अंतर्गत सरहदी गांव भैणी राजपूताना में सोमवार रात एक और पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ ने इस ड्रोन से 14 करोड़ की हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जवानों ने चार दिन में यह 5वां ड्रोन मार गिराया है। अमृतसर में बीओपी राजाताल के अंतर्गत सरहद पर बीएसएफ की बटालियन 144 के जवान गश्त पर थे। रात तकरीबन 10 बजे गांव भैणी राजपूताना में ड्रोन की आवाज सुनाई दी। इस पर जवानों ने ड्रोन पर फायरिंग कर दी। इसके कुछ समय बाद ड्रोन की आवाज आनी बंद हो गई। इसके बाद जवानों ने पूरे इलाके को सील कर सर्च अभियान शुरू कर किया। बीएसएफ कमांडेंट अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि खेतों में ड्रोन गिरा मिला है, जिसके साथ एक थैला बांधा गया था। उस थैले से 2 पैकेट मिले, जिनमें 2.1 किलो संदिग्ध हेरोइन बरामद किया गया हैं। जिसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत तकरीबन 14 करोड़ रुपये है।

### महाराष्ट्र : बस व ट्रक की टक्कर में आठ की मौत

**MUMBAI :** बुलढ़ाणा जिले में नागपुर-पुणे हाइवे पर सिंधखेड़राजा तहसील के पलासखेड़ चक्का गांव के पास मंगलवार की सुबह एसटी बस और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई है । इस घटना में 13 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को सिंदखेदराजा ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार एसटी बस संभाजीनगर से वाशिम की ओर जा रही थी। सुबह तकरीबन छह बजे के बीच एसटी बस अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई। इस घटना में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है। इस समय सिंधखेड़ा राजा ग्रामीण अस्पताल में 13 घायल यात्रियों का इलाज हो रहा है। इनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। अभी तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। दुर्घटना में

# आज झारखंड आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, सुरक्षा में सात IPS, 50 DSP और 3000 जवान रहेंगे तैनात, ऊंची बिल्डिंग-इमारतों पर रहेगी विशेष नजर

**PHOTON NEWS RANCHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज बुधवार को झारखंड आएंगी। वे विशेष विमान से दिल्ली से सीधे देवघर जायेंगी। इसके बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति के झारखंड दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी हो गई है। राजधानी में सुरक्षा के विशेष इंतजाम देखने को मिलेंगे, जिसमें 7 आईपीएस सहित 50 से अधिक डीएसपी और इंस्पेक्टर के अलावे 3000 जवानों को तैनात किया जा रहा है, जो सड़कों से लेकर बड़ी-बड़ी इमारतों पर सुरक्षा में मुस्तैद नजर आएंगे। राष्ट्रपति रांची के विभिन्न इलाकों में कई कार्यक्रम में शामिल होंगी। रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित बिरसा मुंडा प्रतिमा, अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण और झारखंड हाईकोर्ट के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया जाना है। वहीं ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में भी राष्ट्रपति शामिल हो रही हैं। राजभवन में रात विश्राम करेंगी। इन कार्यक्रमों को मद्देनजर रांची में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची में 7 आईपीएस अधिकारी के साथ-साथ 50 डीएसपी, इंस्पेक्टर के अलावे 3000 से अधिक जवानों की तैनाती विभिन्न इलाकों में की जा रही है। ट्रैफिक को विशेष ध्यान में रखते हुए कई जगहों पर बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया जाएगा। ऊंचे -ऊंचे बिल्डिंग और इमारतों से भी नजर रखी जाएगी। सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसे देखते हुए पूरे शहर की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम में एक टीम तैनात की गई है। राष्ट्रपति का कारकेड जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था होगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता के अलावा जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को भी तैनात किया गया है।

**ट्रैफिक व्यवस्था को 24 सेक्टर में बांटा गया**

राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को 24 सेक्टर में बांटा गया है। इसमें करीब 2800 पदाधिकारी व जवानों को तैनात किया गया है। ट्रैफिक की व्यवस्था में लगे जवानों और अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी हाल में राष्ट्रपति के कारकेड के गुजरने में यातायात व्यवस्था बाधित नहीं हो। इसके अलावा राष्ट्रपति का कारकेड जिन-जिन मार्गों से गुजरेगा, वहां की 200 ऊंचे भवनों को चिह्नित किये गये हैं। राष्ट्रपति के आगमन से पहले उन भवनों में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही भवन में रहने वाले लोगों के बारे में भी पुलिस की टीम सत्यापन कर रही है।

### आज राष्ट्रपति का कार्यक्रम

- सुबह 8:55 बजे राष्ट्रपति पहुंचेंगी देवघर एयरपोर्ट।
- 9:30 से 10:10 तक बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में करेंगी पूजा-अर्चना।-
- 11:20 बजे देवघर से रांची के लिए होंगी रवाना।
- 12:00 बजे रांची एयरपोर्ट पर होगा राष्ट्रपति का आगमन।
- 12:10 बजे एयरपोर्ट से बिरसा चौक स्थित बिरसा मुंडा के प्रतिमा के लिए होंगी रवाना।
- 12:20 से 12:30 तक बिरसा चौक स्थित प्रतिमा पर करेंगी माल्यार्पण।
- 12:40 से 12:50 बजे तक अल्बर्ट एक्का चौक पर करेंगी माल्यार्पण।
- 13:10 बजे राजभवन में होगा आगमन।
- 04:40 मिनट बजे राजभवन से झारखंड हाई कोर्ट के लिए होंगी रवाना।
- झारखंड हाईकोर्ट के नए बिल्डिंग का उद्घाटन कार्यक्रम 5:00 से 6:00 बजे तक।
- 6:10 बजे राजभवन वापस लौटेंगी राष्ट्रपति।

### 25 मई को राष्ट्रपति का कार्यक्रम

- सुबह 8:45 बजे राजभवन से हेलिपैड के लिए राष्ट्रपति होंगी रवाना।
- 9:10 में खूंटी के लिए चॉपर से राष्ट्रपति होंगी रवाना।
- मिनिस्ट्री आफ ट्राईबल अफेयर्स भारत सरकार के द्वारा बिरसा कॉलेज खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति करेंगी शिरकत।
- 12:45 बजे वापस राजभवन लौटेंगी राष्ट्रपति।
- दोपहर 3:30 बजे सड़क मार्ग से राष्ट्रपति आईआईटी, कन्वोकेशन कार्यक्रम में होंगी शामिल।
- शाम 5 .20 बजे वापस राजभवन लौटेंगी।

### 26 मई को राष्ट्रपति का कार्यक्रम

- सुबह 10:45 बजे राजभवन से रांची एयरपोर्ट के लिए होंगी रवाना।
- सुबह 11:10 बजे एयरपोर्ट से राष्ट्रपति दिल्ली के लिए होंगी

# JAC 10-12th RESULT 2023 : 10वीं में लड़कियों व 12वीं में लड़कों ने मारी बाजी

## मैट्रिक में 95.38 और इंटर साइंस में 81.45 प्रतिशत स्टूडेंट्स सफल, सीएम ने दी बधाई

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट जारी कर दिया है। जैक 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर लड़कियों का दबदबा रहा। आयोग के आंकड़ों के अनुसार इस 95.54 प्रतिशत लड़कियां पास हुईं हैं, तो 95.19 प्रतिशत लड़कों ने बाजी मारी है। श्रेया सोनगिरी 490 अंक लाकर स्टेट टॉपर बनीं है। मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और इंटर साइंस की परीक्षा में 81.45 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की है। स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने रिजल्ट जारी किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मैट्रिक और इंटर साइंस में पास करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी है। ट्वीट करके सोरेन ने कहा है कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड मैट्रिक और इंटर (साइंस) परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अनेकानेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आप सभी नित नयी ऊंचाइयों को छुएं, यही कामना करता हूं। इस अवसर पर सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई देता हूं।

जैक के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो ने बताया कि सीबीएसई की परीक्षा शुरू होने के एक महीना चार दिन बाद हम लोगों ने परीक्षा शुरू किया। 14 मार्च से पांच अप्रैल तक परीक्षा ली गई। अप्रैल से 23 अप्रैल के बीच मूल्यांकन केंद्रों में कॉपी पहुंचा दी गई। 24 अप्रैल से मूल्यांकन शुरू हो गया। आज एक महीना से कम समय में हम रिजल्ट देने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि इस बार का पास प्रतिशत 95.38 है। 63.23 प्रतिशत बच्चे फर्स्ट डिवीजन में पास हुए हैं। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण स्टूडेंट्स की संख्या 2,69,913 है।




### टापरों को मिलेंगे तीन लाख रुपये लैपटाप और मोबाइल PHONE

मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा के टापरों को सरकार की ओर से इस बार भी सम्मानित किया जाएगा। जैक परिसर में रिजल्ट जारी करने के दौरान विभागीय सचिव के रवि कुमार ने बताया कि मैट्रिक व इंटर के पहले टापर को तीन लाख रुपये मिलेंगे, जबकि दूसरे टापर को दो लाख और तीसरे टापर को एक रुपये की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी तीनों टापरों को लैपटाप व मोबाइल फोन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैक अब छात्रों की सफलता के साथ उनके अच्छे विकास को लेकर भी काम करें ताकि यहां के छात्र विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित कर सकें। उनके अच्छी पढ़ाई के लिए भी जैक सुझाव दे सकता है।

### 12वीं साइंस में टापर्स

- दिव्या कुमारी (रामगढ़) : 95.87% जीएम हाई स्कूल।
- खुशी कुमारी (रांची) : 95.2%, उर्सलाइन कॉन्वेंट।
- प्रियका गोश (रांची) : 95%, उर्सलेन कॉनवेंट।
- पवन कुमार राणा (हजारीबाग ) 95 %, इंटर साइंस कॉलेज।

### मैट्रिक टॉपर टापर्स

- श्रेया सोनगीरी (जमशेदपुर) : 98 प्रतिशत (पूरना पानी आदिवासी हाई स्कूल)।
- सौरभ कुमार पाल (दुमका) : 97.8 प्रतिशत (हतिया पाथर)।
- दीक्षा भारती (हजारीबाग) : 97.6 प्रतिशत (हजारीबाग चास इंद्रा गाँधी बालिका हाई स्कूल)।

### मैट्रिक की स्थिति

मैट्रिक में 433643 छात्रों ने फार्म भरा, जिसमें से 427295 ने परीक्षा दिया और 407559 ने परीक्षा पास कर ली। मैट्रिक के रिजल्ट की बात करें तो फर्स्ट क्लास में 269913 छात्र रहे। सेकेंड क्लास 126563 छात्रों ने हासिल की। तीसरी श्रेणी पर 11083 रहे। इस बार भी परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मार ली है। 2139090 लड़कियों ने परीक्षा पास की है, जिनका प्रतिशत कुल 95.54 आता है जबकि 193569 लड़कों ने परीक्षा पास की है, जिनका कुल प्रतिशत 95.19 है।

### इंटर की स्थिति

इंटर के विज्ञान संकाय में कुल 74679 छात्रों ने फार्म भरा था। इसमें 73833 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से प्रथम श्रेणी में 54481 छात्र पास हुए। द्वितीय श्रेणी में 5634 छात्र रहे और तृतीय श्रेणी में 15 छात्र रहे। कुल पास हुए छात्रों की संख्या 60134 है। इसमें परीक्षा फल का प्रतिशत 81.45 प्रतिशत रहा। छात्रों क उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 82.87 है जबकि छात्राओं का प्रतिशत 78.93 है।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया का संबंध आपसी विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित

# ब्रिसबेन में वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत : PM

**AGENCY SYDNEY/NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में बसे प्रवासी भारतीयों की लंबित मांग को पूरा करने के लिए मंगलवार को घोषणा की कि भारत जल्द ही ब्रिसबेन में एक नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का संबंध आपसी विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी सिडनी स्थित कुडोस बैंक एरिना में खचाखच भरे स्टेडियम में भारतीय डायस्पोरा के सदस्यों को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। इस कार्यक्रम में उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीस भी


सिडनी में कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़ना बेहद खुशी की बात है। उन्होंने अपनी पिछली यात्रा का स्मरण कराते हुए कहा, जब मैं 2014 में यहां आया था, तो मैंने आपसे वादा किया था कि आपको भारतीय प्रधानमंत्री के लिए फिर से 28 साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसलिए मैं एक बार फिर यहां सिडनी में हूं। प्रधानमंत्री अल्बानीस भी यहां मेरे साथ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था जब थ्री सी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों को परिभाषित करते थे। ये तीन थे- कॉमनवेल्थ, क्रिकेट और करी। उसके बाद यह थ्री डी था, लोकतंत्र, डायस्पोरा और दोस्ती! जब यह थ्री ई बना, तो यह ऊर्जा, अर्थव्यवस्था और शिक्षा के बारे में था। आगे उन्होंने कहा कि लेकिन सच्चाई यह है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों की वास्तविक गहराई इन सी-डी-ई से परे आपसी विश्वास और आपसी सम्मान के भाव से है और इसके पीछे असली कारण भारतीय प्रवासी हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कितनी भी भौगोलिक दूरियां क्यों न हों हिंद महासागर हमें जोड़ता है। दोनों देशों की जीवनशैली अलग-अलग क्यों न हो, योग हमें जोड़ता है। क्रिकेट एक ऐसी चीज है, जिसने हमें युगों से जोड़े रखा है। अब टेनिस और सिनेमा अन्य जोड़ने वाले सेतु हैं। प्रधानमंत्री मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष अल्बनीज ने इस दौरान सिडनी के

## सिविल सेवा परीक्षा 2022 का परिणाम घोषित

# लड़कियों का बजा डंका इशिता किशोर बनीं टॉपर

**AGENCY NEW DELHI :** यूपीएससी ने बुधवार को 2022 सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इशिता किशोर, गरिमा लोहिया और उमा हरथी एन टॉपर बनी हैं। सिविल सेवा परीक्षा 2022 में लड़कियों का डंका बजा है और संभवतः पहली बार टॉप चार में सभी महिलाएं हैं। स्मृति मिश्रा चौथे और मयूर हजारिका पांचवें स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। जारी यूपीएससी के परिणाम के अनुसार कुल 933 कैंडिडेट सफल हुए हैं जिनमें से 345 जेनरल, 99 ईडब्ल्यूएस, ओबीसी 263, एससी 154 और एसटी 72 कैटेगरी से सफल घोषित हुए हैं।

**सितंबर में हुई थी परीक्षा**

यूपीएसी की लिखित परीक्षा सितंबर महीने में हुई थी और इंटरव्यू इस साल जनवरी से मई के बीच हुए थे। इस परीक्षा के माध्यम से आईएएस के लिए कुल 180, आईपीएस के लिए 200, आईएफएस के लिए 38 लोगों का चयन हुआ है। भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और अन्य पदों के लिए अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी तीन चरणों प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण) में आयोजित करता है।

# लूट-खसोट की राजनीति कर रही है JHARKHAND सरकार : नीलकंठ

PHOTON NEWS KHUNTI

खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार केवल लूट-खसोट की राजनीति कर रही है। इस सरकार को जनता के हित से कोई लेना-देना नहीं है। आसन्न विधानसभा चुनाव में जनता इस सरकार को जरूर से उखाड़ फेंकेगी और फिर से केंद्र और राज्य में कमल खिलेगा। विधायक मंगलवार को भाजपा के जिला कार्यालय में भाजपा ग्रामीण मंडल और नगर मंडल की कार्यसमिति की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। बैठक से श्यामा प्रसाद मुखर्जी , दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और वंदे मातरम गायन किया गया।



बैठक में संबोधित करते नीलकंठ सिंह मुंडा। ● द फोटोन न्यूज

विधायक ने कहा कि कार्यसमिति बैठक हमारे द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन करने का तरीका है कि हमने पिछले दिनों क्या कार्य किये हैं और आनेवाले दिनों में हमें क्या करने की आवश्यकता है। उन्होंने आनेवाले दिनों में महा जनसंपर्क अभियान को लेकर विभिन्न कार्यक्रम जैसे घर-घर संपर्क अभियान आदि के बारे जानकारी दी और सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

जिला महामंत्री विनोद नाग ने कहा कि एक निश्चित अंतराल के पश्चात होनेवाली बैठक का विशेष महत्व है। इसमें हम पिछले दिनों किए गए कार्यों की समीक्ष करते हैं और आगामी किए जानेवाले कार्य की कार्ययोजना तैयार करते है। जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि भाजपा क से सभी कार्यकताओं को कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूररत है। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप और स्वागत भाषण नर मंडल अध्यक्ष सुरेश जायसवाल ने किया।

## युवतियों से अमावीयता के मामले से पूर्व विधायक ने राज्यपाल को कराया अवगत

PHOTON NEWS PALAMU

छतरपुर के पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर ने जिले के हुसैनाबाद एवं पाटन थाना क्षेत्र में दो युवतियों के साथ हुई अमानवीय घटना से झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अवगत कराया है। साथ ही उनके पुनर्वास के लिए 10-10 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के लिए आग्रह किया है। इस सिलसिले में किशोर ने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

किशोर ने कहा है कि कुछ दिन पूर्व जिले के दो विभिन्न क्षेत्रों में अनुसूचित जाति और जनजाति की दो लड़कियों के साथ अत्याचार की घटना से सभ्य समाज शर्मसार हुआ है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एक अनुसूचित जाति की नाबालिग लड़की को अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पीड़िता को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इसी तरह दूसरी घटना पाटन प्रखंड के लोइंगा पंचायत के जागोडीह गांव में एक जनजाति लड़की की बाल मुंडवाकर, चूना का टीका लगाकर गांव में घुमाये जाने की हुई है। यह दोनों घटना मानवता को झकझोर देने वाली है। दोनों मामलों में कानून के तहत कठोर से कठोर सजा दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करने का आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि महिला अत्याचार की ऐसी घटनाओं के बाद पीड़िता और उसके परिजनों को सामाजिक, मानसिक यंत्रण के दौर से गुजरना पड़ता है। सामुहिक बलात्कार और महिला शोषण की पीड़िता को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए पुर्नवासित करना सरकार और समाज के लिए जरूरी है। ऐसी घटनाओं की पीड़िता एवं उसके परिजनों को आर्थिक सहायता करने का प्रावधान भी किया गया है। पीड़ित मुआवजा योजना लागू है।

बलात्कार पीड़िता की मानसिक तथा शारीरिक हानि को आर्थिक सहायता द्वारा भरपाई नहीं की जा सकती पर वित्तीय सहायता देकर उन्हें मानसिक संत्रास से बाहर लाया जा सकता है, ताकि वह महिला एक गरिमापूर्ण एवं सार्थक जीवन व्यतित कर सके।

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम पर निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु छह इंजीनियरों की तैनाती

PHOTON NEWS RANCHI

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बुधवार से शुरू हो रहे दौरे को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके मद्देनजर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए छह इंजीनियरों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। ये इंजीनियर राष्ट्रपति के दौरे के दौरान कार्यक्रम स्थल, राजभवन में ठहरने के दौरान विभिन्न स्थानों पर निर्बाध एवं सुरक्षित बिजली सुनिश्चित कराने का काम करेंगे। यह प्रतिनियुक्ति आदेश मुख्य अभियंता सह मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग की ओर किया गया है।

अगम प्रसाद अधीक्षण अभियंता- 24 से 26 मई के दौरान राष्ट्रपति आगमन के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के स्थलों पर कराए जाने वाले विद्युत कार्यों का निरंतर पर्यवेक्षण एवं ससमय निष्पाद सुनिश्चित करेंगे।

प्रमोद कुमार विद्युत निरीक्षक झ राजभवन के विद्युत संयंत्रों, नवनिर्मित झारखंड उच्च न्यायालय भवन का उद्घाटन समारोह स्थल एवं आईआईआईटी नामकुम के कार्यक्रम स्थल के विद्युत संयंत्र एवं उपकरणों का निरीक्षण करेंगे और प्रतिविदेन देंगे।

सोमर उरांव कार्यपालक अभियंता देवघर में राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने वाले विद्युत कार्यों का पर्यवेक्षण एवं निष्पादन करेंगे।

जयकांत कुमार सहायक अभियंता- बिरसा कॉलेज खूंटी में राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने वाले विद्युत कार्यों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन देंगे।

प्रफुल्ल कुमार गुप्ता सहायक अभियंता देवघर में राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल पर कराए कार्यों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन देंगे।

नीरज कुमार, प्राक्कलन पदाधिकारी आईआईआईटी परिसर नामकुम में राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने वाले विद्युत कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे।

## झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन की बैठक, दिये कई निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मंगलवार को लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन (एलडीएम) के तहत बैठक की। बैठक में एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक विभाग एवं अग्रणी मोर्चा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं विभाग के प्रदेश चेयरमैन शामिल थे।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन बहुत ही अच्छी पहल है। इससे एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय के बीच से युवा एवं वैसे लोग जो समाज में सेवा कर रहे हैं। उनको कांग्रेस पार्टी के विचार-धारा से जुड़ने का बेहतर अवसर है। पार्टी में जुड़ने के बाद लीडरशीप निखर कर आयेंगी जो अपने समाज से लेकर लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र में एवं पार्टी के अंदर नेतृत्व कर सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में निर्देश दिया कि सभी लोग लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन में मिशन की तरह लग जाएं ताकि पार्टी का एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय के बीच से युवाओं को निकालकर लीडर बनाने का उद्देश्य पूरा हो सके।



बैठक करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के चेयरमैन होंगे, सभी विधानसभा में एलडीएम विधानसभा कोर्डिनेटर होंगे जो संयोजक के भूमिका में रहेंगे। लोकसभा क्षेत्र में जो एलडीएम होंगे वो भी सदस्य के रोल में रहेंगे। जिला के एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सदस्य के रोल में रहेंगे।

## रामगढ़ : गोला मंडल में भाजपा कार्यसमिति की बैठक संपन्न

PHOTON NEWS RAMGARH

गोला मंडल भाजपा के तरफ से भाजपा कार्यसमिति की बैठक आज दुर्गा मंदिर पहलु साव के प्रगाणं में किया गया। बैठक की अध्यक्षता गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव ने किया संचालन महामंत्री सह उप मुखिया जितेंद्र साहु ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री रवी हाजरा ने किया।

इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप पर इस कार्यक्रम के प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष राजु चतुवेर्दी गोला मंडल के प्रभारी रमेश वर्मा सांसद प्रतिनिधि सह उप प्रमुख बिजय ओझा जिला उपाध्यक्ष स्नेह लता चौधरी जी मुख्य रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के ओर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर के किया गया। जिसमें राजु चतुवेर्दी ओर रमेश वर्मा ने कहा की मोदी जी के प्रधानमंत्री के रूप पर 9,साल होने पर पार्टी के दुआरा महा सम्पर्क अभियान 30, मई से 30, जुन तक कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अभी तक जो भी केन्द्र की योजना के काम हुआ है उसे जनता को बताना है। इसके लिए एक टोली बनाई गई है। वह बुथ बुथ पर जाकर संपर्क कर मोदी की योजना को बताना है।

## वाइब्रेंट विलेजेज के विकास से देश की सीमा सुरक्षा को मिलेगा बल : शाह

AGENCY NEW DELHI

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज के विकास से देश की सीमा सुरक्षा को बल मिलेगा। हमें मिलकर सीमावर्ती गांवों को मजबूत बनाना होगा। इस मुहिम में केन्द्र के साथ-साथ राज्य सरकार को भी आगे आना होगा। सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए राज्य सरकार को भी अलग से धन आवंटित करना चाहिए।

शाह ने मंगलवार को 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा मोदी सरकार की प्राथमिकता है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है। सीमावर्ती गांवों को सुरक्षित रखे बिना हम अपनी सीमाओं को सुरक्षित नहीं रख सकते हैं।

शाह ने कहा कि 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया, फिर सीमावर्ती गांवों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं और अब सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने के लिए 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' शुरू किया है। हमारा मानना है कि सीमावर्ती गांव देश के आखिरी गांव नहीं बल्कि पहले गांव हैं। केन्द्र सरकार इसी भावना से काम कर रही है।

## प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए जैव विविधता का संरक्षण महत्वपूर्ण : अश्विनी चौबे

AGENCY NEW DELHI

जन जैव विविधता रजिस्टर (पीबीआर) बनाने और सत्यापन का राष्ट्रीय अभियान मंगलवार को गोवा में शुरू किया गया। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कार्यक्रम के दौरान प्रकृति में मौजूद नाजुक संतुलन को बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति में मौजूद नाजुक संतुलन को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने जैव विविधता के संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए जैव विविधता का संरक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता अधिनियम, 2002 के प्रावधानों को लागू करने में सफलता प्राप्त करने के लिए लोगों की भागीदारी आवश्यक है।


फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अश्विनी कुमार चौबे।

उन्होंने कहा कि न केवल जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है बल्कि इन प्रावधानों के पीछे के विचार को सफल बनाने के लिए लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है।

इस मौके पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, गोवा के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री नीलेश कबराल, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अध्यक्ष सी.अचलेंद्र रेड्डी और अन्य वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधि शामिल थे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत की तैयारियां जोरों पर, जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

## स्वागत के लिए सज रहा खूंटी, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

PHOTON NEWS KHUNTI

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। धरती आबाः भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी में राष्ट्रपति के आगमन को खास बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कार्यक्रम प्रबंधन की बारीकी से निरीक्षण में जुटा हैं।

कार्यक्रम को लेकर एक साथ एक छत के नीचे हजारों महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बैठ सकें और राष्ट्रपति से रू-ब-रू हो सके, इसके लिए व्यवस्था की जा रही है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।



परिसदन की बाह्य दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग का नजारा। ● द फोटोन न्यूज

25 मई को आयोजित होनेवाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार को राज्य स्तरीय पदाधिकारी और डीआईजी रैंक के अधिकारी एक साथ हेलीकॉप्टर से खूंटी पहुंचे। खूंटी के सिंबूकेल में बनाये जा रहे हेलीपैड का निरीक्षण किया। हेलीकॉप्टर के लैंडिंग और उड़ान का ट्रायल किया गया। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर भगवान बिरसा मुंडा की धरती को आकर्षक रूप दिया जा रहा है। खूंटी मुख्य सड़क मार्ग में आकर्षक विद्युत सज्जा का कार्य कराया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल के आसपास सदर अस्पताल और अन्य सरकारी दफ्तरों की दीवारों पर सोहराई पेंटिंग करायी जा रही है।

परिसदन की बाह्य दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग के माध्यम से प्रकृति की विभिन्न छटाओं को दशार्ने का प्रयास किया जा रहा है। परिसदन की चाहरदीवारी में रंग रोगन और पेंटिंग का कार्य हो रहा है। साथ ही जनजातीय समुदाय की जीवन शैली और संस्कृति की झलकियों को भी पेंटिंग के माध्यम से दशार्या गया है। जंगल, पहाड़, नदी-नाले समेत फूल, फल और ढोल नगाड़ों से पेंटिंग को जीवंत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। खूंटी में आयोजित होनेवाले राष्ट्रपति के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला मंडल और किशोरियों का समूह उपस्थित होगा। स्वागत में कोई कमी न रह जाए, इस के लिए अलग अलग विभागों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई है।

## BRIEF NEWS

### सीसीएल बरका-सयाल के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की समस्या को लेकर 24 को ठप रहेगी ट्रांसपोर्टिंग : आजसू

LOHARDAGA : सीसीएल बरका-सयाल के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति न होने के खिलाफ आजसू पार्टी बुधवार को कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठप करेगी। ज्ञात हो की इस भीषण गर्मी में सीसीएल बरका-सयाल के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से नही हो रही है। क्षेत्र की जनता पानी की समस्या से त्राहिमाम है। इसी को ले आजसू पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने महाप्रबंधक के नाम भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से न होने के खिलाफ बुधवार को ट्रांसपोर्टिंग ठप करने की बात कही है। पत्र में कहा गया है की प्रथम चरण में ट्रांसपोर्टिंग ठप की जायेगी। इसके बाद भी पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से चालू नहीं हुई तो पार्टी आगे क्रमवार आंदोलन को बाध्य होगी। पत्र की प्रतिलिपि ओपी प्रभारी भुरकुंडा को भी प्रेषित की गई है।

### राज्यपाल से मिले पूर्व मंत्री, सौंपा ज्ञापन

RANCHI : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजभवन में मुलाकात की। पूर्व मंत्री ने विगत दिनों पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले और पाटन थाना की एक जनजाति लड़की का बाल मुड़वाकर घुमाए जाने के संदर्भ में अवगत कराया। पूर्व मंत्री ने पीड़िता को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए पहल करने संबंधी ज्ञापन सौंपा।

### राज्यपाल से विधायक अंबा प्रसाद ने की मुलाकात

RANCHI : रांची, 23 मई (हि. स.)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को झारखंड विधानसभा सदस्य अंबा प्रसाद ने राज भवन में मुलाकात की। विधानसभा सदस्य ने राज्यपाल से हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखंड में महिला महाविद्यालय की स्थापना करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### राज्यपाल ने दो पुस्तकों का किया लोकार्पण

RANCHI : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राजभवन में दो पुस्तकों का लोकार्पण किया। इनमें रांची विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के स्नातकोत्तर डॉ राज कुमार शर्मा की लिखित पुस्तक एक्सप्लोरिंग इंग्लिश सिंटेक्स और गोस्नर कॉलेज की निधि सिंह की लिखित पुस्तक एसेंशियल इंग्लिश फॉर बेटर कम्युनिकेशन शामिल है। उल्लेखनीय है कि दोनों पुस्तकों का प्रकाशन कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस की ओर से प्रकाशित किया गया है। राज्यपाल ने लेखक और लेखिका को पुस्तक रचना के लिए बधाई दी। मौके पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी, विधि सचिव नलिन कुमार, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### गोड्डा सांसद राष्ट्रपति के साथ बैद्यनाथ मंदिर में करेंगे पूजा

RANCHI : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर रांची आ रही हैं। इसको लेकर मंगलवार को राष्ट्रपति भवन से झारखंड के मुख्य सचिव को भेजा गया पत्र, गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे विशेष आमंत्रण मिला है। वह राष्ट्रपति के साथ भोलेनाथ के दर्शन करेंगे। सांसद ने कहा कि आभारी हूं राष्ट्रपति का जिन्होंने अपने साथ पूजा करने का सौभाग्य दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा पास करने वाले उम्मीदवारों को दी बधाई

NEW DELHI : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2022 में सफलता हासिल करने वाले सभी लोगों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने असफल हुए उम्मीदवारों को निराश नहीं होने की सलाह भी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट संदेश में कहा, सिविल सर्विस की परीक्षा पास करने वाले नौजवानों को बधाई। आगे एक फलदायी और संतोषजनक करियर के लिए मेरी शुभकामनाएं। यह देश की सेवा करने और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक बहुत ही रोमांचक समय है। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों की निराशा को समझता हूं जो सिविल सेवा परीक्षा में सफल नहीं हो सके। न केवल लाभ उठाने के और प्रयास होंगे बल्कि भारत आपके कौशल और ताकत को प्रदर्शित करने के लिए कई विविध अवसर भी प्रदान करता है। आपको बहुत बहुत शुभकामनाएं।

### भगवंत मान को साथ लेकर ममता से मिलने कोलकाता पहुंचे केजरीवाल

KOLKATA : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं को साथ लेकर मंगलवार अपराह्न कोलकाता पहुंचे। केजरीवाल के साथ मान के अलावा आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह, राघव चड्ढा और अतिशी भी कोलकाता पहुंचे हैं। राज्य सरकार की ओर से अग्निशमन मंत्री सुजीत बसु और राज्यसभा सांसद डोला सेन ने इन सभी का हवाई अड्डे पर स्वागत किया। हवाई अड्डे से इन नेताओं को सीधे राज्य सचिवालय ले जाया गया है जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इनका इंतजार कर रही थीं। सूत्रों ने बताया कि इन नेताओं की मुलाकात में न केवल दिल्ली पर केंद्र सरकार की ओर से लाए गए हालिया अध्यादेश बल्कि विपक्षी एकता को लेकर भी बात होनी है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी गैर भाजपा और गैर कांग्रेस गठबंधन की कवायद में जुटी हुई हैं।

### दो हजार का नोट वापस लेने से अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा नकारात्मक प्रभाव : कांग्रेस

NEW DELHI : कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि दो हजार रुपये का नोट अचानक वापस लेने से देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे बैंक के ऊपर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि अभी बाजार में दो हजार के 181 करोड़ नोट हैं। ऐसे में अगर एक आदमी एक समय में पांच नोट बदलता है तो बैंक को इन नोटों को बदलने के लिए 36 करोड़ ट्रांजेक्शन करना पड़ेगा। यदि एक ट्रांजेक्शन में चार मिनट लगते हैं तो 144 करोड़ मिनट बैंकों के चार महीने में इसी काम में लग जाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सरकार के इस फैसले से बैंकों को लगभग ढाई करोड़ घंटे लगाने होंगे। इससे बैंक का कार्य प्रभावित होगा, किसानों,छोटे व्यापारियों आदि को लोन मिलने में परेशानी होगी। इससे उनके व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। जिसके चलते हमारे अर्थतंत्र पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। गौरव ने कहा कि कांग्रेस नोट बंदी के खिलाफ थी और दो हजार की नोट वापस लेने के भी खिलाफ है। बार-बार नोटों को बदलना वापस लेना रुपये की साख गिराने जैसी बात है। केन्द्र सरकार को सोच-समझ कर कदम उठाना चाहिए।

### कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्रक से अंबाला से चंडीगढ़ तक का किया सफर

CHANDIGARH : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने गत रात्रि अंबाला से चंडीगढ़ का 50 कि.मी. का सफर ट्रक से तय किया। राहुल गांधी ने ट्रक सवारी के दौरान में ड्राइवर और अन्य से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी दोपहर को दिल्ली से शिमला के लिए कार से रवाना हुए थे। चंडीगढ़ आते समय राहुल गांधी ने ट्रक को अंबाला सिटी के श्री मंजी साहिब गुरुद्वारे पर रुकवाया और राहुल गांधी ने श्रीमंजी साहिब गुरुद्वारे में माथा टेका। यहां उन्होंने कुछ कांग्रेस कार्यकताओं से भी बातचीत की। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में लंगर भी ग्रहण किया। उनके इस सफर का एक वीडियो कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'यूनिवर्सिटी के छात्रों से, खिलाड़ियों से, सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे युवाओं से, किसानों से, डिलीवरी पार्टनरों से, बस में आम नागरिकों से और अब आधी रात को ट्रक के ड्राइवर से आखिर क्यों मुलाकात कर रहे हैं राहुल गांधी ? क्योंकि वो इस देश के लोगों की बात सुनना चाहते हैं, उनकी चुनौतियों और परेशानियों को समझना चाहते हैं। उनको ऐसा करते देख एक विश्वास सा झलकता है, कोई तो है, जो लोगों के साथ खड़ा है। कोई तो है, जो उनके बेहतर कल के लिए किसी भी तरह की कुबार्नी देने को तैयार है।

# रांची में भीषण सड़क हादसा : अनियंत्रित कार ने बारातियों को रौंदा, तीन की मौत

## कई घायल, पसरा मातम, अनगड़ा के लुपुंग से सिकिदिरी के सांडी गांव आई थी बारात

- सोमवार देर रात दो बजे की घटना, घायलों में तीन की स्थिति गंभीर
- शराब के नशे में धुत कार चालक हिमांशु कुमार की लोगों ने की जमकर धुनाई, मेदांता में कराया गया भर्ती



दुर्घना की खबर मिलने के बाद माता-पिता के साथ उदास बैठी दुल्हन लीला कुमारी ● फोटोन न्यूज



बारातियों के लिए बना खाना पड़ा रह गया ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के सांडी गांव के समीप एक तेज रफ्तार बेकाबू आई टेन कार संख्या जेएच-01ई डब्ल्यू ने बारातियों को रौंद डाला। इस हादसे में मौके पर ही दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई। घटना में दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज रिम्स और अन्य अस्पतालों में चल रहा है। घायलों में तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना सोमवार की देर रात दो बजे की है। घटना के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। चारों तरफ चीख-पुकार की गूंज सुनाई देने लगी। विवाह समारोह मातम में तब्दील हो गया। बाद में सादे तौर पर विवाह संपन्न कराया गया। घटना की सूचना पर सिकिदिरी थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंच कर स्थानीय लोगों की सहायता से मृतकों और घायलों को रिम्स भेजवाया। जानकारी के अनुसार सोमवार को अनगड़ा थाना क्षेत्र के लुपुंग जारा निवासी गणेश महतो का विवाह सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सांडी गांव निवासी कार्तिक महतो की पुत्री लीला कुमारी के साथ होना था। लुपुंग से बारात सांडी गांव पहुंची हुई थी। कन्या पक्ष के लोग घर के सामने रोड किनारे बारातियों का स्वागत का रहे थे। इसी बीच ओरमांझी थाना क्षेत्र के पांचा गांव निवासी सुनील साहू का 17 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार साहू शराब के नशे में धुत तेज रफतार से कार चला कर सिकिदिरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार बारातियों का स्वागत कर रहे भीड़ को रौंदते हुए भागने लगी। मौके पर उपस्थित लोगों ने पीछा कर कुछ ही दूरी पर कार को पकड़ लिया और कार चला रहे युवक हिमांशु कुमार की जमकर धुनाई कर दी। लोगों की धुनाई से हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इरबा स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उसे रिम्स भेज दिया गया। हिमांशु की भी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उसके पिता सुनील साहू कपड़ा व्यवसाय हैं। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि हिमांशु अत्यधिक शराब पीकर कार चला रहा था।

### विदाई के कुछ ही घंटो के बाद दुल्हन पहुंच गई मायके

पुलिस का कहना है कि घटना के बाद शादी समारोह का आयोजन किसी तरह से पूरा किया गया। सुबह में दुल्हा दुल्हन की विदाई कराकर अपने घर पहुंचा। कुछ देर तक घर में रहने के बाद दुल्हा ने दुल्हन को मायके पहुंचा दिया। इस घटना के बाद से दुल्हन की स्थिति काफी खराब थे। मृतक दुल्हन के रिश्तेदार हैं।

### मृतकों के नाम

मृतकों में अनगड़ा थाना क्षेत्र के मासु गांव निवासी शंकर महतो 37 वर्ष और बेड़वारी गांव निवासी महेश महतो 49 वर्ष व ओरमांझी थाना क्षेत्र के पांचा गांव निवासी बालेश्वर महतो 43 वर्ष शामिल हैं।

### घायलों के नाम

घायलों में सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सांडी गांव निवासी आशीष महतो, फुलेन महतो, मुकेश महतो, राजकिशोर महतो, देवव्रत महतो, प्रेम मुंडा, रमेश महतो, ग्रामप्रधान बासुदेव पाहन व मनिया महतो शामिल हैं।

### मृतकों के गांवों में पसरा मातम, रिम्स पहुंचे दर्जनों लोग

घटना की जानकारी मिलते ही घटना में मारे गए अनगड़ा थाना क्षेत्र के मासु गांव निवासी मृतक शंकर महतो, बेड़वारी गांव निवासी महेश महतो व ओरमांझी थाना क्षेत्र के पांचा गांव निवासी बालेश्वर महतो के गांवों में मातम पसर गया। स्वजन दहाड़ें मार कर रो रहे थे। शंकर महतो की पत्नी रीता देवी व पुत्री प्रियंका कुमारी का रो-रो कर बुरा हाल था। गौरतलब है कि शंकर महतो के एकलौता पुत्र की मौत भी गत दो फरवरी को गोंदली पोखर के समीप एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी। इधर,घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा के पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार मृतकों के स्वजनों से मिलकर ढाढस बंधाया और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। सिकिदिरी में शादी समारोह में ऐसी घटना होने के बाद मंगलवार की सुबह दर्जनों लोग रिम्स पहुंचे। सभी लोग घटना की जानकारी ले रहे थे। रिम्स पहुंचे लोगों का कहना था कि मृतकों का शव वह गांव में कैसे लेकर पहुंचेगे। ज्यादातर लोगों को बताया गया है कि लोग सिर्फ जख्मी हैं। वहीं कुछ युवकों का कहना था कि वह भी जख्मी हैं लेकिन इतने लोगों की स्थिति देखकर वह पूरे स्थिति को ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं।

## BRIEF NEWS

### रांची जिला बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

**RANCHI :** रांची जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रपति 24 मई को हाई कोर्ट के भवन का उद्घाटन करेंगी। इसी दौरान राष्ट्रपति से रांची व्यवहार न्यायालय के 40 कोर्ट और अन्य कोर्ट का अवलोकन कराने की मांग की गई है। इससे हजारों की संख्या में अधिवक्ताओं, न्यायिक पदाधिकारी और व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी को गौरव महसूस होगा। इसके लिए एसोसिएशन मुख्य न्यायाधीश और रजिस्ट्रार जनरल का सदा आभारी बना रहेगा।

### अर्चना मेहता राज्यपाल सचिवालय में संयुक्त सचिव पद पर पदस्थापित

**RANCHI :** झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी संयुक्त सचिव महिला बाल विकास विभाग अर्चना मेहता को स्थानांतरित करते हुए संयुक्त सचिव राज्यपाल सचिवालय के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में प्रशासनिक सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### जूनियर महिला हॉकी के लिए झारखंड टीम का चयन ट्रायल 3 जून को

**RANCHI :** 27 जून से 7 जुलाई 2023 तक राउरकेला में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए झारखंड टीम के गठन के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 3 जून को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल में होगा। चयन ट्रायल में झारखंड की कोई भी महिला हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकती है, जिनकी जन्म तिथि 01 जनवरी 2004 या उसके बाद हुई है। ट्रायल में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को अपने साथ नगर निगम या ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य है। जिन खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया में पूर्व से निबंधन नहीं है, वे हॉकी इंडिया द्वारा जारी फॉर्मेट में डॉक्टर द्वारा जांच के बाद उम्र पात्रता प्रमाण पत्र तथा जिस विद्यालय या कॉलेज में वर्तमान में पढ़ाई कर रहे हैं, उस संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत बोनाफाइड प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।

### हाईकोर्ट ने गरीबी के कारण बेल बांड नहीं भर पाने पर याचिकाकर्ता को दी राहत

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने मंगलवार को गुमला के सिसई थाना में दर्ज एक मामले में आरोपी दीपू कुमार भूईया को जमानत मिलने के बाद भी गरीबी के कारण बेल बांड नहीं भर पाने से संबंधित मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए पीआर बांड पर छोड़ने का निर्देश दिया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने हाई कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता को 30 जनवरी 2023 को ही हाई कोर्ट से जमानत मिल गई थी। लेकिन याचिकाकर्ता और उसकी उसके पिता 10 हजार रूपए के दो बेल बांड गरीबी के कारण भरने में अक्षम है इसलिए उन्हें पीआर बांड पर छोड़ने का आदेश दिया जाए। याचिकाकर्ता के खिलाफ गुमला के सिसई थाना में आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 156/ 2020 दर्ज है। जनवरी 2023 को उसे बेल मिलने के बाद भी गरीबी के कारण बेल बांड नहीं भर पाने से वह अब तक जेल में ही था।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## आंख-मिचौली जारी, घंटेभर में 10 मिनट मिल रही बिजली



**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी में बिजली की आंख-मिचौली से पूरा शहर परेशान है। इस परेशानी का कबतक हल निकलेगा यह भी विभाग बताने में सक्षम नही है। विभाग के अधिकारी फोन तक नही उठाते है। वहीं सबसे अधिक परेशानी रात में हो रही है। प्रत्येक दिन रात में एक घंटे में उपभोक्तओं को 10 मिनट ही बिजली मिल रही है। सोमवार की रात कोकर ईमाम कोठी क्षेत्र में 9:01 मिनट में बिजली गई इसके बाद एक घंटे बाद बिजली आई। इसके बाद लोवर चुटिया के केतारी बगान में 9:26 मिनट में बिजली गई। इसके बाद 12:12 मिनट में बिजली आई। वह भी 10 मिनट के लिए रही। फिर कट गई। इसके बाद 1:10 मिनट में आई और फिर 1:20 मिनट में कट गई। इसके बाद फिर 2 बजे आई। इसके बाद फिर 4 बजे चली गई। वहीं मोरहाबादी एरिया में 12:18 मिनट में बिजली गुल हो हुई। इसके बाद 1:44 मिनट में आई। फिर तुरंत बिजली चली गई। फिर सुबह 5 बजे दोबारा बिजली आई। उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली दिन में ना ही रात में मिल रही है। दिन में बिजली नही मिलेगी तो भी चल जाएगा। पर रात में लोग थक-हार कर घर पर सुकुन की निंद चाहते है पर गर्मी में बिजली नही होने के कारण रात में भी निंद नही आ रही है। मजबूरन लोग रातभर घरों के बाहर बिजली के इंतजार में समय काट रहे है।

### एक साप्ताह से लो-वोल्टेज के कारण मोटर बंद, पानी के लिए मारा-मारी

शहर में लो-वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है। कोकर, चुटिया, हरमू, डोरंडा, कुसई, मेन रोड, रातू रोड आदि क्षेत्रों में लो-वोल्टेज के कारण लोग पानी के लिए मोटर तक नही चालू कर पा रहे है। वहीं हाईड्रेंट की मदद से टेंकर में भी पानी भरना अब मुश्किल हो गया है। लो-वोल्टेज के कारण रूक्का प्लांट से भी पानी की सप्लाई बंद पड़ी है। यह परेशानी लगभग एक सप्ताह से लगातार बनी हुई है।

## राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान 40 के पार, राजधानी रांची में बूंदाबांदी ने दी राहत

### अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की नहीं है संभावना



रांची में बदले मौसम के तेवर और हल्की बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहाना ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** मंगलवार को दोपहर अचानक बदले मौसम के तेवर और हल्की बूंदाबांदी ने लोगों को राहत दी है। इस बूंदाबांदी के बाद दोबारा खिली धूप ने जहां उमस बढ़ा दी वहीं देर शाम 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से बही सतही हवा ने भी थोड़ी राहत दी है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से पूरे राज्य में तपती गर्मी ने आमजनों का जीना मुहाल कर दिया है। राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों में मौसम करवट ले सकता है। यद्यपि क्लाउड बैंड बनने के बाद भी राजधानी रांची में प्रदूषण के कारण सही मात्रा में वर्षा नहीं हो पा रही है। सुबह होते ही तपती धूप में लू जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। राज्य के अधिकांश जिलों में गर्म व सतही हवा के बहने को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। इन जिलों में 26 मई तक हालात यूं ही बने रहेंगे...। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो सबसे अधिक वर्षा 5.2 मिमी सिमडेगा के कुरडेग में रिकार्ड की गई है। जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री डाल्टेनगंज का और सबसे कम न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री चाईबासा का रिकार्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची की बात करें तो अधिकतम 41 डिग्री जबकि न्यूनतम 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार बुधवार से 27 मई तक राज्य में कहीं कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है जबकि राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, गिरिडीह व साहेबगंज में कहीं कहीं गर्जन व वज्रपात होने की संभावना है और 50 से 60 किमी प्रतिघंट की रफ्तार से सतही हवा के बहने को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी रांची में भी 27 मई तक आसमान में आंशिक बादल के छाए रहने और मेघ गर्जन के साथ वर्षा का पूवार्नुमान है। यह भी बताया गया कि अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की कोई संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है।

### अब तो मानसून का है इंतजार

मानसून की वर्षा में देरी और तापमान में किसी प्रकार की कमी नहीं होने की समस्या से भी लोगों और किसानों को दो चार होना पड़ सकता है। लोगों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है। मौसम को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है कि अबकी बार जहां मानसून झारखंड व आसपास के राज्यों में देरी से दस्तक देगा तो वहीं तापमान में भी कोई कमी नहीं रहेगी। राजधानी समेत आसपास के जिलों के आसमान में दोपहर बाद छाए आंशिक बादल ने थोड़ी राहत दी है। वहीं पिछले कुछ दिनों से 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से बह रही सतही हवा ने भी लोगों को गर्मी से राहत दी है। मानसून की वर्षा में देरी और तापमान में किसी प्रकार की कमी नहीं होने की समस्या से भी लोगों और किसानों को दो चार होना पड़ सकता है। मानसून अगले माह 18 से 20 जून तक झारखंड में प्रवेश करेगा। 4 जून तक केरल के तट पर इसकी एंट्री होगी। ताजा जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिमी मानसून गत दिनों शुक्रवार को अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के नानकोवरी द्वीप पर दस्तक दे चुका है।

### रांची में नोट एक्सचेंज का सिलसिला शुरू, सरकारी और प्राइवेट बैंक में बदल सकते हैं नोट

## बैंकों में सामान्य दिनों की तरह हो रहा काम पेट्रोल पंप में 500 रुपये का तेल लेने की शर्त

**PHOTON NEWS RANCHI :** आरबीआई की गाइडलाइन के मुताबिक बुधवार से 2000 हजार के नोट बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रांची शहर के तमाम सरकारी और प्राइवेट बैंक में नोट एक्सचेंज किए जा रहे हैं। बैंकों में दो हजार के नोट बदलने का काम सामान्य दिनों की तरह ही किया जा रहा है। कोकर, बरियातू, लालपुर, मेन रोड, कांटा टोली स्थित एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस, आइसीआइसीआइ बैंक में आम दिनों की तरह की काम हो रहा है। बैंक के अतिरिक्त पेट्रोल पंप में भी लोग पहुंच रहे हैं। राजधानी रांची के पेट्रोल पंप में भी लोग दो हजार का नोट लेकर लोग पहुंच रहे हैं। बूटी मोड़ स्थित गुमला पेट्रोल पंप के मैनेजर ने बताया कि लोगों का आना तो शुरू हुआ है लेकिन संख्या नहीं के बराबर है। उन्होंने बताया कि हमलोग नोट एक्सेप्ट कर रहे हैं। हालांकि वहां के स्टाफ ने बताया कि दो हजार के नोट तभी लिए जा रहे हैं, जब ग्राहक कम से कम 500 रुपये का पेट्रोल खरीद रहे हैं। वहीं रिम्स के नजदीक स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में भी नोट लिए जा रहे हैं। हालांकि पेट्रोल पंप में एक समस्या यह भी आ रही है कि लोग एक सौ या दो सौ रुपये का पेट्रोल खरीद कर दो हजार रुपये का नोट थमा रहे हैं। ऐसे में छोटे नोट की समस्या पेट्रोल पंप में हो जा रही है।

### अस्पतालों में ऑनलाइन पैमेंट पर जोर

अस्पतालों में कैश फ्लो नहीं के बराबर हो रहा है। बरियातू स्थित हेल्थ प्वाइंट, पल्स अस्पताल, आलम अस्पताल, करमटोली स्थित आरपीएस अस्पताल में इक्का-दुक्का मरीजों के परिजनों ने दो हजार के नोट जमा किए हैं। कैश काउंटर पर बैठे कर्मचारी ने बताया कि पांच से सात मरीजों के अटेंडेंट ने ही अब तक दो हजार के नोट दिए हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि लोग ऑनलाइन पैमेंट पर ही ज्यादा जोर दे रहे हैं। वैसे जो लोग दो हजार का नोट दे रहे हैं, उन्हें स्वीकार किया जा रहा है।

### पैनिक न हों, कई बार करा सकते हैं एक्सचेंज

नोट एक्सचेंज के संबंध में बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा के सहायक प्रबंधक सुबोध कुमार ने बताया कि लोगों को नोट एक्सचेंज करने में कहीं कोई परेशानी नहीं हो रही है। आरबीआई की गाइडलाइन के हिसाब से लोगों को तमाम सुविधाएं दी जा रही हैं। चुंकि लोगों की संख्या काफी कम है, ऐसे में सामान्य काउंटर में ही काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। एक दिन में लोग चाहें तो कई बार नोट एक्सचेंज कर सकते हैं। लेकिन एक बार में अधिकतम 20 हजार की बदल सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति एक दिन में एक बार से अधिक एक्सचेंज कर सकता है।

## हत्या के आरोपी की तलाश में रांची पहुंची केरल पुलिस

**CRIME REPORTER RANCHI :** चुटिया थाना में मंगलवार को केरल पुलिस पहुंची और हत्या के आरोपी के बारे में जानकारी हासिल किया। चुटिया थाना प्रभारी से मिलने के बाद केरल पुलिस ने एसपी से भी मुलाकात किया। केरल पुलिस एक अपराधी की तलाश है जिसने केरल में हत्या की और मौके से फरार हो गया। केरल के वेलूर ग्राम पंचायत के मीकाभूमि कालोनी निवासी 40 वर्षीय डेनी माइकल की नवंबर 2021 में किसी ने हत्या कर दी थी। 22 नवंबर को उनका शव मिला था। शव काफी डीकंपोज हो चुका था। पोस्टमोर्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया। जांच में खुलासा हुआ था कि अज्ञात आरोपितों ने करीब 5 दिन पहले डेनी की लाठी से पीट-पीटकर हत्या की थी। डेनी घर में अकेला रहता था। इस कारण किसी को इसकी जानकारी नहीं मिली। डीकंपोज होने के कारण जब शव से बदबू आने लगी, तो आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी केरला के त्रिशूर पुलिस के मुताबिक हत्या से पहले आरोपी ने मृतक डेनी के साथ एक बार में शराब पीया था। इसके बाद दोनों डेनी के घर गए। वहां उसकी हत्या करके आरोपी फरार हो गया है। बार में मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी का चेहरा और हुलिए की पहचान कर ली गई है। पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि आरोपी की सूचना देने वाले को 25 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरोपी के बारे में सूचना स्थानीय थाना या केरला पुलिस को दे सकते हैं।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हुआ कार्यशाला का आयोजन

# LICENSE के बगैर तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर होगी कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त

**PHOTON NEWS RAMGARH**

मंगलवार को समाहरणालय रामगढ़ स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान सोशियो इकोनामिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी(सीड्स) के कार्यक्रम समन्वयक श्री कैलाश चंद्र साहु के द्वारा पी०पी०टी० के माध्यम से तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू उत्पादों की बिक्री हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी दुकान जिसमें तंबाकू उत्पादों की बिक्री होती है वहां किसी भी अन्य उत्पाद जैसे बिस्किट, टॉफी, चिप्स, कोल्ड ड्रिंक आदि की बिक्री नहीं की जानी है जो भी



कार्यशाला में उपायुक्त माधवी मिश्रा व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

दुकानदार इस नियम की अवमानना करते हैं उनके विरुद्ध एक्ट के प्रावधानों के अनुसार चालान एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की जानी है। इसके साथ ही तंबाकू उत्पादों की बिक्री हेतु दुकानदारों को दिए जाने वाले लाइसेंस की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के अगर कोई भी दुकानदार तंबाकू उत्पादों की बिक्री करता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने तम्बाकू नियंत्रण हेतु जिला एवं प्रखंड स्तरीय समन्वय को जमीनी स्तर पर तम्बाकू उत्पादों पर नियंत्रण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा लोगों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से अवगत करने एवं तम्बाकू का सेवन नही करने के प्रति लोगो जागरूक करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने सभी सरकारी कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू मुक्त से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्हीने जिला शिक्षा अधीक्षक को सभी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए मुख्य रूप से बच्चों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने तम्बाकू उत्पादों का सेवन नही करने एवं तम्बाकू के दुष्प्रभाव के प्रति सभी को जागरूक करने की सपथ ली।

कार्यशाला के दौरान उपरोक्त के अलावा सिविल सर्जन डॉ० प्रभात कुमार, नोडल पदाधिकारी टोबैको कंट्रोल रामगढ़ डॉक्टर सविता कुमारी वर्मा, डीपीएम श्री देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव, जिला फिजियो डॉक्टर सावन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजस्व एवं विभिन्न विकास कार्यों की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने की समीक्षा

**RAMGARH :** मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने राजस्व एवं विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से लंबित दाखिल खारिज मामलों की जानकारी ली वही उपायुक्त ने मामलों के ससमय निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। विभिन्न परियोजनाओं में भूमि अधियाचना एफआरए/ एनओसी संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त में राजस्व कार्यालय एवं संबंधित अंचल अधिकारियों से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली वहीं उपायुक्त ने जमीन अधिग्रहण के उपरांत ससमय मुआवजे का भुगतान लाभुकों को करने एवं विभिन्न परियोजनाओं को भूमि उपलब्ध कराने के तहत कार्य पूर्ण करने सहित अन्य निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी, एलआरडीसी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## उच्च विद्यालय भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

**PHOTON NEWS RAMGARH**

झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड की परीक्षा में भुरकुण्डा उच्च विद्यालय का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। परीक्षा में कुल 278 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिनमें 106 बच्चें परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उर्तीण हुए हैं। विद्यालय में छात्र धीरज राय 92.40 प्रतिशत अंकर लाकर विद्यालय का टॉपर बना है। वहीं रूद्र प्रताप सिन्हा 88.60, सावन कुमार रजक और करण शर्मा 88.20 प्रतिशत अंकर लाकर क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये हैं।

जबकि रोहित बेदिया 86.60, शुभम कुमार 83.80, कशीश कुमारी 83.40, अंकित कुमार 83.20, अमन उरांव 80.40, अंजली कुमारी 80, स्नेहा कुमारी 79 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप टेन की सूची में अपना स्थान बनाया है। विद्यार्थियों की सफलता पर प्रधानाध्यापक मो. शदरूल हक अंसारी, सहायक षिक्षक कृष्ण प्रसाद, मुकुल प्रसाद, सीताराम साव, हीरालाल महतो, गीता महतो, रोज श्वेता बेदिया, मनराखन सिंह मुण्डा, उमेष प्रसाद साहु सहित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मैट्रिक परीक्षा में बालिका उच्च विद्यालय कुजू की छात्राओं का रहा बेहतर प्रदर्शन

**RAMGARH :** कुजू बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओ ने मैट्रिक की परीक्षा में उम्दा प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा पूजा कुमारी ने 90.20% प्रतिशत अंक विद्यालय टॉपर बनी है। जबकि अफसाना नूरी 88.60% प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर रही।

वही भूमिका कुमारी ने 87.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की तीसरे टॉपर बनी. छात्राओं ने परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास कर अपने गांव, माता-पिता व विद्यालय प्रबंधन का नाम रौशन किया. इस बारे में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने बताया कि इस बार मैट्रिक की परीक्षा में कुल 137 छात्राओं ने परीक्षा लिखी थी. इसमें प्रथम स्थान 82 द्वतीय स्थान 43 और तृतीय स्थान लाने वाली मात्र 02 छात्रा रही है. साथ ही उन्होंने सभी सफल छात्राओं को बधाई दी है. वहीं बालिका उच्च विद्यालय के सचिव अनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि मैट्रिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्राओं अपनी लग्न से जीवन में हर इम्तिहान में यूं ही विजय प्राप्त करते रहें यही हमारी शुभकामना है।

## प्रखंड में स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में क्षेत्र के स्कूलों के छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता पाई है। निश्चल मेमोमोरियल उच्च विद्यालय पिठोरिया के 48 छात्रों में से सभी ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल के छात्र कार्तिक गोप ने 90.6 प्रतिशत,प्रियंका कुमारी ने 88.8 प्रतिशत तथा संजना मुंडा ने 87 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर किया।

किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया के 75 छात्रों में से 66 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल के अंकित कुमार ने 92 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर किया है। साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा के 45 छात्रों में से 43 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल की छात्रा नाज परवीन ने 90 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। वहीं नव पालव मॉडर्न पब्लिक स्कूल बरौदी के 47छात्रों में से 43 छात्रो ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई।

स्कूल के छात्र प्रशांत ने 92 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉपर बना। वहीं दूसरी न्यू ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल बूढ़ीबागी के 50 छात्रों में 45 ने प्रथम श्रेणी से सफलता पाई है। स्कूल का छात्र निसार अंसारी 86 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। छात्रों के सफलता पर शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



अपने माता-पिता के साथ प्रिंस कुमार साहु। ● द फोटोन न्यूज

### प्रिंस कुमार साहु झारखंड में 8वां स्थान लेकर रहा प्रखंड टॉप

ठाकुरगांव निवासी किसान कृष्णा साहु के पुत्र प्रिंस कुमार साहु ने मैट्रिक परीक्षा में झारखंड में आंठवा स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। छात्र प्रिंस कुमार साहु भवानी शंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव का छात्र था। प्रिंस ने 483 अंक प्राप्त किया है। उसे 96 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। छात्र प्रिंस अभी तक मोबाइल फोन भी अपने पास नहीं रखता है। मंगलवार को भी आम दिनों की तरह प्रिंस अपने पिताजी के साथ पूरे दिन खेती में सहयोग कर रहा था। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों समेत शिक्षकों को दिया है। प्रिंस की मां रीता देवी गृहणी हैं।

## जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों ने इंटर जैक साइंस की परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**PHOTON NEWS RAMGARH**

जैक द्वारा मंगलवार को इंटर साइंस का परिणाम जारी किया गया। इंटर जैक साइंस की परीक्षा में रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है।

कॉलेज के मो. साहील अंसारी ने 450 अंक लाकर कॉलेज का टॉपर बना है। वहीं सौरभ कुमार 429, शहनाज खातुन 422, आयुष कुमार अग्रवाल 405, प्राची प्रज्ञा 395, भूमि कुमारी 391, मोहित शर्मा 377, चंदन कुमार महतो 375, इसमत परवीन 374 व संजना कुमारी 372 अंक लाकर प्रथम श्रेणी से उर्तीण हुई है। छात्र-छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कॉलेज के प्राचार्य एनके तिवारी ने बताया कि परीक्षा में 61 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें 45 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 4 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्त्तीण हुए।

विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य एनके तिवारी, प्रो. एके सिंह झा, प्रो. बालकृष्णा, डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. श्याम सुंदर पांडेय, डॉ. विशेश्वर रविदास, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, सहित कॉलेज परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## इंटर साइंस की परीक्षा में जेएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया उत्कृट प्रदर्शन

**RAMGARH :** इंटर जैक साइंस की परीक्षा में पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। कॉलेज के येवासी कुमारी 83.6 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज का टॉपर बनी है। वहीं दानिश रजा 82.2, नंदिनी कुमारी व शहाबुल हक 82 प्रतिशत अंक लाकर कॉलेज के टॉप फाइव विद्यार्थियों के सूची में शामिल होने का गौरव पाया है। छात्र-छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कॉलेज के प्राचार्य विद्यानंद तिवारी ने बताया कि परीक्षा में 146 बच्चे शामिल हुए थें। जिसमें 107 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। प्राचार्य श्री ने बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एकल विद्यालय भुरकुंडा व पतरातू संच के बच्चे नगर भ्रमण के लिए रांची रवाना

**PHOTON NEWS RAMGARH**

एकल विद्यालय अभियान अंचल रामगढ़ के तत्वावधान में मंगलवार को भुरकुंडा व पतरातू संच के करीब 50 बच्चे नगर भ्रमण के लिए भुरकुंडा से रांची रवाना हुए।

ज्ञात हो कि अब तक देश-विदेश से नगर के लोग एकल विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों और गांव के ग्रामीणों देखने और समझने के लिए संभाग के लोग गांव आते थे। जहां बच्चे क्या और कैसे पढ़ रहे हैं, क्या सीख रहे, उन्हें क्या-क्या सुविधाएं दी जा रही है आदि देखते व समझते थें। लेकिन केंद्र स्तर पर यह निर्णय लिया गया की एकल विद्यालय में पढ़ रहे गांव के बच्चों को शहर दर्शन कराएंगे। इसी कड़ी में भुरकुंडा व पतरातू संच के विभिन्न गांव में पढ़ रहे एकल विद्यालय के 50 बच्चों को भुरकुंडा संच समिति के संरक्षक योगेश दांगी द्वारा मतकमा चौक भुरकुंडा से नगर भ्रमण के लिए रांची रवाना किया गया।

इस दौरान अंचल उपाध्यक्ष भुवनेश्वर ठाकुर, संच समिति अध्यक्ष जयनंदन शर्मा व महिला समिति उपाध्यक्ष मालती गुप्ता ने बच्चों को तिलक चंदन लगाकर और एकल की टोपी पहना कर टॉफी, बिस्कुट व पानी देकर नलकारी पुल से हरी झंडी दिखाकर रांची के लिए रवाना किया। बताया गया कि संभाग स्तर के अधिकारी इन बच्चों को जेडी हाई स्ट्रीट सैनिक मार्केट मेन रोड रांची में स्वागत करेंगे। भ्रमण के क्रम में बच्चों को शहर की व्यवस्था, ट्रैफिक नियम, बड़ी-बड़ी दुकान, राज्यपाल भवन, सैनिक मार्केट, चलचित्र, एमएस धोनी मूवी सहित विभिन्न प्रकार के गेम आदि का दर्शन कराया जायेगा।

### जिंदल कंपनी की सिक्युरिटी बहाली प्रक्रिया का बेरोजगार ग्रामीणों ने किया विरोध, कहा-

# 165-170 की जगह मांगी जा रही है 173 सेमी. लंबाई

**PHOTON NEWS RAMGARH**

जिंदल कंपनी द्वारा किये जा रहे सिक्युरिटी बहाली प्रक्रिया का मंगलवार को बेरोजगार ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि झारखंड पुलिस और आर्मी के बहाली के मापदंड को दरकिनार करते हुए जिंदल कंपनी स्थानीय बेरोजगार नौजवानो को षड्यंत्र के तहत छाटने के उद्देश्य से अपना खुद का नियम बनाकर 165-170 सेमी. की जगह 173 सेमी लम्बाई मांग रही है। जबकि झारखंड पुलिस और आर्मी के बहाली में 165-170 सेमी. ही लम्बाई मांगी जाती है। लेकिन जिंदल कम्पनी द्वारा पतरातू के स्थानीय बेरोजगार नौजवानो को लम्बाई के चलते छांटा जा रहा है। इससे स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में कंपनी के खिलाफ काफी आक्रोश है।

ग्रामीणों ने कहा कि इस बहाली प्रक्रिया में संसोधन नहीं किया तो 20 दिनों में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही जिंदल कंपनी के मैनजमेंट और सिक्युरिटी हेड की होगी।




विरोध करते जनप्रतिनिधि व बेरोजगार ग्रामीण। ● द फोटोन न्यूज

## सैंकड़ों किसानों के बीच बीमा राशि का भुगतान

**RAMGARH :** चिकोर पैक्स के सैंकड़ों किसानों के बीच वर्ष 2018-2019 की बीमा राशि का भुगतान हो रहा है। इसे पतरातू प्रखंड के किसानों में हर्ष का माहौल है।

बताते चलें कि विगत कई वर्षों से चिकोर पैक्स किसानों के लिए सुख-दुख का साथी बना हुआ है। पैक्स द्वारा अब तक सैकड़ों किसानों को भिन्न-भिन्न बैंकों से केसीसी उपलब्ध कराया गया है। साथ ही पैक्स द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु सैकड़ों किसानों का किसान आईडी भी बनाया जा चुका है। वहीं पैक्स द्वारा किसानों से वर्ष 2012, 2017, 2018 में धान की खरीद भी की गई है। उक्त जानकारी देते हुए चिकोर पैक्स अध्यक्ष इंद्रप्रकाश कुशवाहा उर्फ शैलेश कुशवाहा ने कहा कि किसानों के आए दोगुनी करने के लिए चिकोर पैक्स हमेशा प्रयासरत रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सैकड़ों किसानों का फार्म पैक्स के माध्यम से भरा गया है। ताकि इसका लाभ किसानों को मिल सके। पैक्स के किसानों को लगातार वर्ष 2006, 2007, 2015, 2018 और अब 2019 का प्रधानमंत्री फसल बीमा का क्षतिपूर्ति की राशि किसानों को मिल रही है। श्री कुशवाहा ने कहा कि पतरातू प्रखंड के लादी, चिकोर, मतकामा, देववारिया, कुरसे, लपंगा, चोरधारा, चैनगडा, बलकुदरा, कुसियारा, महुआ टोला, भुरकुंडा आदि गांवों के सैकड़ों किसान चिकोर पैक्स के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पैक्स द्वारा सैकड़ों किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि का फॉर्म भरा गया है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है।

## BRIEF NEWS

### सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी दिवस मनाया गया

**RAMGARH :** गुरुद्वारा साहिब में सिखों के पांचवें गुरु शहीदों के सरताज शांति श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी दिवस मनाया गया।के पूंज साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज का शहीदी दिवस मनाया गया। इस मौके पर पूर्व में रखे गए श्री अखंड पाठ साहिब जी का समापन सुबह साढ़े सात बजे किया गया। उसके बाद साढ़े दस बजे से विशेष दीवान सजाया गया। इस दीवान में प्रसिद्ध रागी भाई साहब भाई अरविंदर सिंह पटना साहिब के हजूरी रागी ने संगत को निहाल किया। दोपहर के विशेष दीवान में टाटानगर वाले भाई मनप्रीत सिंह जी भाई सरबजीत सिंह जी हजूरी रागी द्वारा गुरुद्वारा साहिब में गुरुद्वारा साहिब में शब्द गायन कर संगत को निहाल किया। स्त्री सत्संग द्वारा जीते गए प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद आनंद साहब का पाठ अरदास के बाद दीवान का समापन सवा दो बजे दिन को किया गया। सारी संगत के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी और कच्चे ठंडी लस्सी का इंतजाम किया गया था। जो सभी आने जाने वाले राहगीरों के लिए भी उपलब्ध था। मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी सचिव हरदीप सिंह होरा, कर्मजीत सिंह जग्गी, जगी सुखमीत कौर, जसविंदर कौर आदि शामिल थे।

### मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने मारवाड़ी धर्मशाला के सामने आम पना और तरबूज का किया वितरण

**RAMGARH :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सामने सदस्यों द्वारा आम पन्ना और तरबूज का करीब 500 लोगों के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम से राहगीरों को काफी लाभ मिला एवं उनमें उत्साह देखी गई। मौके पर मौजूद अध्यक्ष निलिंद अग्रवाल सचिव आशीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल नरेश अग्रवाल निखिल गोयल अमन बोंदिया निखिल अग्रवाल संतोष गोकुलका पंकज अग्रवाल एवं अन्य सदस्य मौजूद थे

### पावन क्रूस स्कूल की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**RAMGARH :** जैक 10वीं बोर्ड की परीक्षा में पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पावन क्रूस स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, स्कूल व कोयलांचल भुरकुंडा का नाम रोशन किया है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में अनु कुमारी 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी है। वहीं स्वाति कुमारी 92.40, अनिशा रानी 90.80, सोनाली कुमारी 90.40, मुस्कान प्रिया 90.20, ऐनी फातमा व अलिशा लकड़ा 90, नावेदया वशिष्ट 89.60, रिमझिम कुमारी 89.40, स्नेहा कुमारी 89, मुस्कन कुमारी व अनुराधा कुमारी 88.80 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के टॉपर टेन छात्राओं की सूची में शामिल हैं। छात्राओं की सफलता पर स्कूल परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### किसान हाई स्कूल का मैट्रिक रिजल्ट 99.13% रहा

**RAMGARH :** माध्यमिक परीक्षा 2023 में कुल 345 छात्र-छात्राओं में केवल 3 मार्जिनल हैं। इस प्रकार 342 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए हैं। विद्यालय टॉप टेन में निहाल कुशवाहा 94.5%, सपना कुमारी 94.6%, राहुल कुमार 94.6%, निशांत कु. महतो 94%, नेहा कुमारी 93.8, श्वेता कुमारी 93.6%, अभिनाश कुमार 92.8%, अमित कुमार 92.4%, गंगोत्री कुमारी 92.4%, प्रभा कुमारी 92.2%, प्रिंस कुमार 91.8%, दीपक कुमार 91.8%, नफिश तलहा 91.5% विद्यार्थी रहे। रामगढ़ जिला टॉप 10 में किसान हाई स्कूल, डभातू, गोला के 3 विद्यार्थियों ने टॉप टेन में स्थान पूर्व की भांति बरकरार रखा है।

### पीवीयूएन पतरातू के सौजन्य से बच्चों के लिए 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**RAMGARH :** पीवीयूएन आरएंडआर ग्रुप ने स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन के संयुक्त प्रयासों से मंगलवार से आसपास के गांवों के स्थानीय बच्चों के लिए 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। समर कैंप का उद्घाटन कंपनी के और एचओडी ने स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन के प्रतिनिधियों के साथ दीप जलाकर, केक काटकर और प्रतिभागियों के बीच टोपी और छाता बांटकर किया। मौके पर पीवीयूएन के सीईओ रवींद्र कुमार ने शौक कक्षाओं के महत्व पर जोर देते हुए कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को आश्वास्त किया कि शिविर से उनके समग्र विकास में लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पीवीयूएन का उद्देश्य एक ऐसे समुदाय का निर्माण करना है जो बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए सशक्त बनाता है। श्री कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में नये ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही बच्चे तरोताजा भी होते हैं। बताया गया कि 15 दिनों की इस अवधि में बच्चों के लिए कराटे, योग, ध्यान, सामान्य स्वच्छता, व्यक्तित्व विकास, रंगमंच और नृत्य कक्षाओं जैसी गतिविधियां शामिल होगी। गतिविधियों को एक ही समय में मजेदार और दिलचस्प रखते हुए बच्चों के शारीरिक और मानसिक फिटनेस को पूरा करने के लिए योजना बनाई गई है। इस समर कैंप में आसपास के गांवों के 75 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं।

### प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्लेसमेंट का आयोजन 26 एवं 31 को

**RAMGARH :** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू में आईटीआई एवं शॉर्ट टर्म कोर्सेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों के लिए एमआरएफ, गुजरात एवं जिंदल सा (एलएलसी, अबू धाबी) में 26 एवं 31 मई को प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट के दौरान कुल 150 रिक्तियां होंगे। इस प्लेसमेंट में ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज एवं सरकारी आईटीआई के वेल्डर, फिटर, टर्नर, इलेक्ट्रीशियन एवं फाऊंडरीमैन के प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं।

### खोपड़िया बाबा हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार का हुआ शिलान्यास, विधि-विधान से पूजा कर रखी गई नींव

**RAMGARH :** भुरकुंडा बाजार स्थित खोपड़िया बाबा प्राचीन श्री हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार का मंगलवार को शिलान्यास किया गया। इस दौरान पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ शिलान्यास हुआ। जवाहरनगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी और वयोवृद्धा फूलेश्वरी देवी ने पहली इंट रखकर शिलान्यास किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण जय श्रीराम जय हनुमान के भक्ति जयकारो से गूंज उठा। पूजा अर्चना के भक्तो के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पुरोहित नंदकिशोर मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, धर्मनाथ राम, विनय मिश्रा, बाबूलाल नायक, अखिलेशवर मिश्रा, महेंद्र सोनी, संतोष मिश्रा, अमीत शर्मा, रूपेश दूबे, संजय साहू, आदित्य करमाली, विक्कू रजक सहित काफी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

### गुरू सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में साहिब श्री गुरु अर्जुन देव का मना शहादत दिवस

**RAMGARH :** गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा मगंलवार को गुरु साहिब श्री अर्जुन सिंह का 417वां शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारे में सुबह से ही गुरबाणी का पाठ किया गया। सुखमणि साहिब के पाठ के उपरांत शब्द-कीर्तन गायन हुआ। अरदास के उपरांत सैकड़ो लोगो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही प्रबंधन कमेटी द्वारा राहगीरों के बीच रोक-रोक कर ठंडे पानी व शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में गुरु अर्जुन सिंह देव जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। साथ ही बताया गया की सिखो के पांचवे गुरु साहिब श्री गुरु अर्जुन सिंह देव जी को मुगल बादशाह जहांगीर ने यातनाएं देते हुए गुरु साहिब जी को तपती गर्म तावा पर बैठाया गया, गुरु साहिब के शीश में गर्म बालू डाला गया व खोलते पानी में डाला गया। तरह तरह की यातनाएं दी गई। उसके बाद भी गुरु जी ने शांत मन से प्रभु की भक्ति में लीन रहे और परमात्मा का शुक्र मनाते रहें। उस वक्त केवल मुख से उच्चारण किया ह्यतेरा भाणा मीठा लागेह्न और शाहिद हो गए। गुरु साहिब सिख धर्म के पहले शहीद गुरु हुए। गुरु अर्जुन देव जी को शहीदों के सरताज के नाम से भी जाना जाता है। पूरे हिंदुस्तान सहित दुनिया में जहां भी कही सिख समुदाय के लोग रहते हैं गुरु साहिब जी का शहादत दिवस मनाते हैं।

# केजरीवाल से मुलाकात राहुल से दूरी, क्या तेजस्वी अब तक नाराज

## तबीयत का हवाला देकर नीतीश संग मीटिंग में नहीं गए

विपक्षी एकता की मुहिम को लेकर नीतीश कुमार ने सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। दिल्ली में खड़गे के आवास में हुई इस बैठक में राहुल गांधी भी शामिल हुए, लेकिन तेजस्वी यादव नहीं पहुंचे। विपक्षी दलों को साथ लाने के उद्देश्य से हुई इस बैठक में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की अनुपस्थिति खटकने वाली रही। जानकारी है कि उनकी तबीयत एकाएक खराब हो गई। इसलिए वो खड़गे-राहुल से मिलने नहीं गए, लेकिन क्या सिर्फ यही एक कारण हैं या कुछ और भी बात है। बता दें कि दिल्ली में रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ मुलाकात की। इस दौरान डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी साथ थे। उनके साथ खउ़्व के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, बिहार सरकार के मंत्री संजय झा और राजद सांसद मनोज झा भी मौजूद रहे। इतना ही नहीं दोनों सीएम की मौजूदगी में डिप्टी सीएम ने मीडिया से बात की, केजरीवाल के पक्ष में बयान दिया और बीजेपी पर जमकर निशाना भी साधा। जबकि इसके दूसरे दिन सोमवार शाम को कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी से मिलने वो नहीं पहुंचे। हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ खउ़्व के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, और बिहार सरकार के मंत्री संजय झा भी मौजूद रहे। खड़गे के आवास पर तेजस्वी कांग्रेस के साथ हुई मीटिंग में क्यों नहीं गए, ये सवाल सभी के मन में है। तेजस्वी यादव के साथ कांग्रेस के संबंध बेहतर नहीं हैं। विधानसभा चुनाव के बाद तेजस्वी यादव की नाराजगी कांग्रेस से इस



बात को लेकर रही कि कांग्रेस ने दबाव बनाकर 70 सीटें ले लीं और जीत पाई महज 19। इस वजह से तेजस्वी यादव की सरकार नहीं बन पाई। हालांकि, खराब परफॉर्मेंस पर कांग्रेस के नेताओं का कहना रहा कि कमजोर सीटें पार्टी को दी गईं थीं। तेजस्वी का गुस्सा विधानसभा चुनाव के बाद हुए उपचुनावों में भी दिखा। बिहार में तारापुर, कुशेश्वर स्थान, बोचहां, गोपालगंज, कुढ़नी और मोकामा में उपचुनाव हुए। मोकामा, कुढ़नी और गोपालगंज के उपचुनाव नई सरकार बनने के बाद हुए। इसलिए कांग्रेस-आरजेडी साथ थी, बाकी उपचुनावों में आरजेडी ने कांग्रेस से बिना पूछे उम्मीदवार उतार दिए। महागठबंधन धर्म हवा में रहा। तब इस बात की चर्चा खूब थी कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का रुख क्या रहेगा? नई सरकार में जब नीतीश-तेजस्वी साथ हुए तो कांग्रेस को दो मंत्री पद दिए गए। कांग्रेस अपनी संख्या बल के हिसाब से दो और मंत्री पद मांग रही है, लेकिन तेजस्वी यादव दो की जगह एक और मंत्री पद ही देना चाहते हैं। वे कह भी चुके हैं कि कांग्रेस को एक और मंत्री पद दिया जाएगा। इसके जवाब में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह बोल चुके हैं कि मंत्रिमंडल नीतीश कुमार का है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल कहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले। तेजस्वी यादव, केजरीवाल से मिलने के लिए साथ गए, लेकिन राहुल गांधी से मिलने में बहाना बनाकर अलग हो गए। कहीं न कहीं मिलने में परेशानी थी। लग रहा था कि जिस तरह से बिहार में तेजस्वी यादव ने कांग्रेस को परेशान किया है, औकात बताने का काम किया है चाहे वह लोकसभा चुनाव हो या विधान सभा चुनाव हो या दूसरे मुद्दे। ऐसे में राहुल गांधी से आंख मिलाने में तेजस्वी यादव को परेशानी हो रही थी। इसलिए तेजस्वी यादव ने मिलने से इनकार कर गए। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने तो कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी को भकचोन्हर तक कह दिया था। महागठबंधन में कांग्रेस को 70 सीटें विधान सभा चुनाव में दी गई थीं तब उन्होंने कहा कि कांग्रेस का परफॉर्मेंस ठीक नहीं। यह दिखा था कि कमजोर सीट जबरदस्ती कांग्रेस की झोली में डाला गया था। तेजस्वी यादव का कांग्रेस के साथ जाने में हिचकिचाहट या राहुल से मिलने में हिचकिचाहट जाहिर करता है कि कांग्रेस का नेतृत्व कई दल स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। इस मीटिंग से यही अंदाजा लगाया जा सकता है। 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता की मुहिम में जुटे हैं।

# बगहा के गंडक से बरामद हुआ लापता किशोर का शव

**बगहा** में मंगलवार को एक किशोर का शव गंडक नदी से बरामद किया गया है। किशोर की पहचान डुमरिया स्थित वार्ड नंबर नौ के नंद किशोर शर्मा के बेटे 16 साल के सोहित कुमार के रूप में हुई है। पिता का आरोप है कि उसके दोस्तों ने मोबाइल के लिए उसकी हत्या कर दी है। युवक 20 मई से लापता था। लड़के के पिता नंद किशोर शर्मा ने बताया कि सोहित को उसके तीन दोस्त विक्की, फिरोज और अफसर शनिवार को अपने साथ ले गए। उसके बाद से ही बेटा घर नहीं लौटा। पिता का आरोप है कि मोबाइल के लिए लड़के की हत्या की गई है। पिता ने पटखौली थाना



में आवेदन दिया था। ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया गया है। मामले का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। लड़का नरईपुर हाई स्कूल की कक्षा 9 में पढ़ता था। इसी दौरान उसकी तीनों से दोस्ती हुई। इधर,आरोप लगने के बाद तीनों लड़के घर से फरार हैं। परिजनों का कहना है कि लड़का जो मोबाइल चलाता था, वो गायब है। घरवालों को ढूंढने के दौरान लड़के का कपड़ा नदी के किनारे से बरामद किया गया था। उसी के आसपास शव को भी बरामद किया गया था।

# उर्फी का बिहारी फेन, न्यूज पेपर वाली ड्रेस पहनकर निकला

**भागलपुर** में एक्ट्रेस उर्फी जावेद का एक फैन से बनी ड्रेस पहनकर सड़कों पर निकला। उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई। 25 साल का बृजेश कुमार बीएड पास है, लेकिन वो अब मॉडलिंग करना चाहता है। उसने कहा कि उसे उर्फी जावेद का डांस और स्टाइल बहुत पसंद है। बृजेश ने खुद के लिए अखबार का कॉस्टयूम बनाया। इसके बाद उसे पहनकर सड़क पर निकला। उसने कहा कि उर्फी का कॉन्फिडेंस मुझे बहुत अच्छा लगता है। यही वजह है कि मैं भी ऐसे कपड़े पहनकर सड़क पर निकला हूं। उसने बताया कि बचपन से ही उसे मॉडलिंग की दुनिया में जाने का शौक था। उसने पहले भी स्कूल कॉलेजों में मॉडलिंग के छोटे-छोटे काम किए हैं। बीएड के बाद बृजेश ने नौकरी ढूंढी, लेकिन उसे कहीं नौकरी नहीं मिली। उसने कहा कि टीवी चैनलों में उसने एक्ट्रेस उर्फी जावेद के कॉस्टयूम डिजाइन देखें, जो उसे काफी पसंद आए। बृजेश अलग-अलग जगहों पर ब्लॉगिंग कर अपने वीडियो सोशल मीडिया पर भी डालता है। इधर, बृजेश के इस अनोखे कॉस्टयूम को देख कुछ लोग उसकी तारीफ कर रहे हैं। तो कुछ उसकी आलोचना। कई लोग तो उसका मजाक भी उड़ाते



हैं। उसने कहा कि एक मॉडल की जिंदगी में तमाम तरह की बाधाएं आती है। इसे पार करने के बाद ही मुकाम हासिल हो पाता है। बृजेश ने कहा कि एक अच्छा मॉडल बनना ही उसका सपना रहा है, जिसे वह हर कीमत पर साकार करेगा। उर्फी जावेद टीवी एक्ट्रेस हैं। वह टीवी सीरियल ह्यभैया की दुल्हनिया में अनी, ह्यमेरी दुर्गा में आरती, बेपनाह में बेला की भूमिका निभा चुकी है। यही नहीं, वह ये रिश्ता क्या कहलाता है में कामिनी जोशी और ह्यकसौटी जिंदगी कीह्ण में भी तनीषा चक्रवर्ती का किरदार निभा चुकी हैं। इसके अलावा वह बिग बॉस ओटीटी में भी आ चुकी हैं। शो में भी वह अपने पहनावे को लेकर चर्चा में रहती हैं।

# भोजपुर में सड़क हादसा, नाबालिग की मौत

**भोजपुर** में सोमवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार नाबालिग को टक्कर मार दी। हादसे में नाबालिग की मौत हो गई। वहीं, दो लोग घायल हो गए। नाबालिग अपने दोस्त की बहन की शादी से लौट रहा था। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से नाबालिग को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन आने के दौरान नाबालिग ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आसझ्रपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई । हादसा आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथरझ्रबेहरा गांव के समीप हुआ। मृत नाबालिग की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी स्वर्गीय लक्ष्मण राम के 17 वर्षीय पुत्र निरंजन कुमार है। जबकि अवधेश यादव के 20 वर्षीय पुत्र मिथिलेश यादव समेत तीन जख्मी हैं। इधर, मृत नाबालिग के बड़े भाई सोनू ने बताया कि आज शाम अपने गांव से बाइक पर सवार होकर अपने दो अन्य दोस्तों के साथ उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव में दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने के लिए गया हुआ था। वह सोमवार की रात अपने दोस्तों के साथ गांव वापस लौट रहा था। तभी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेहरा गांव के आसपास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से निरंजन को जख्मी हालत में आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जख्मी के परिवारों ने फोन पर इस घटना की पूरी जानकारी थी। जिसके बाद आरा सदर अस्पताल पहुंचे तो देखा कि मेरे भाई की मौत हो चुकी है। जबकि निरंजन के दो दोस्तों को गंभीर चोट आई है

# पिता की हत्या करने वाला बेटा बोला-मारना नहीं चाहता था

**बेतिया** में पिता की हत्या करने वाला बेटा सोमवार को फेसबुक पर लाइव आया। उसने कहा कि वो ऐसा नहीं करना चाहता था। करीब डेढ़ मिनट के फेसबुक लाइव में उसने गांव वालों को धमकी भी दी। साथ ही कहा कि मैंने बहुत बर्दाश्त किया है। 15 साल कम नहीं होता। 15 साल से धमकी बर्दाश्त कर रहा हूं। भोजपुरी में बातें करते हुए आरोपी ने कहा कि मैंने बार-बार मना किया, लेकिन मुझे लगातार सताया गया। धमकी दी गई। युवक ने अपने वीडियो में गांव वालों को धमकी देते हुए कहा है कि जो भी लोग उसके घरवालों का साथ दे रहे या दिए हैं, उनको घर में घुसकर मारेगा। फेसबुक लाइव का वीडियो वायरल हो रहा है।आरोपी युवक इसमें अपने घर, बहन के



ससुराल मे

के लोगों को भी भला बुरा कह रहा है। बता दें कि 20 मई (शनिवार) को गोपालपुर थाना क्षेत्र के मोहछी शुगर में 29 साल के राजन ने अपने ही पिता रामा पंडित की ईंट-पत्थर से कूच-कूचकर हत्या की थी। आरोपी की दूसरी बहन की 15 मई को शादी हुई थी। जिसके बाद उसने घर में यह कहकर हंगामा किया था कि बहन की शादी पैसे खर्च किए गए हैं। उसे मांगने पर कुछ नहीं मिलता। गुस्से में पिता को बेरहमी से मौत के घाट उतारा था। करीब डेढ़ मिनट के वीडियो में उसने कहा- "मैं नहीं चाह रहा था, कि इस घटना को अंजाम दूं, लेकिन मुझे इस काम को करने के लिए मजबूर किया गया। मैं इस रास्ते से हटना चाह रहा था, लेकिन मुझे मजबूर करके इस रास्ते पर लाया गया। मैंने 15 सालों तक बर्दाश्त किया, मेरा दिल कह रहा था कि राजन तुम अब शांत हो जाओ। तुम्हें बड़ा काम करना है। तुम्हें एक इतिहास रचना है। मैंने बार-बार अपने घर वालों को समझाया, लेकिन बार-बार मुझे धमकी बहन के ससुराल से दिलाई गई। मैं कितना बर्दाश्त करूं, 15 साल का समय कोई कम नहीं होता। मुझे कुछ हो गया रहता तो, मेरा केस कौन लड़ता, जो-जो मेरे गांव के लोग मेरे घर वालों का साथ दे रहे हैं, उनको घर में घुसकर मैं मारूंगा। अगर नहीं मारा तो मेरा नाम राजन नहीं। राजन पंडित फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पिता की शनिवार को हत्या करने के बाद सोमवार को उसने वीडियो वायरल किया है। अब तक कार्रवाई करते हुए

# एकतरफा प्यार में दुल्हन को गोली मारने वाला कॉन्स्टेबल गिरफ्तार

## छुट्टी लेकर पटना से मुंगेर आया; पार्लर में पहले बात की फिर चलाई गोली

**मुंगेर** में एकतरफा इश्क में दुल्हन को गोली मारने वाला बिहार पुलिस का जवान अरेस्ट हो गया। पूछताछ में पता चला कि वह सिक लीव लेकर पटना से मुंगेर पहुंचा था। रविवार की रात युवती की शादी होनी थी। वह तैयार होने के लिए ब्यूटी पार्लर गई थी। इसी दौरान बिहार पुलिस के जवान ने पार्लर में घुसकर उस पर गोली चला दी। आरोपी ने खुद को भी शूट करना चाहा, लेकिन पिस्टल फंस गई। जिसके बाद वो भाग निकला, लेकिन सोमवार की शाम पुलिस ने उसे अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में एकतरफा प्यार का खुलासा हुआ। आरोपी बिहार पुलिस के जवान अमन कुमार को पुलिस ने सोमवार को किला परिसर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जवान मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर गांव निवासी बलराम सिंह का पुत्र अमन कुमार गौरव है। जो 2021 बैच का कॉन्स्टेबल (सिपाही) है। फिलहाल वह पटना में एंटी रॉयट बटालियन में है। इसकी जानकारी एसपी जगुन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी ने दी। डीएसपी सदर ने बताया कि गिरफ्तार अमन कुमार से पूछताछ हुई। उसने बताया कि वह युवती से एक तरफा प्यार करता था। वह युवती को गोली नहीं मारना चाहता था। पटना में 18 मई को उसे पता चला कि उसकी शादी



होने वाली है। इसके बाद वह ड्यूटी पर सिक लीव लेकर मुलाकात करने मुंगेर चला आया। 19 मई को उसने गांव में ही लड़की से मिलने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। 21 मई को लड़की की शादी थी। पूरा परिवार मुंगेर में था। अमन को किसी तरह पता चला कि शाम को वह तैयार होने के लिए ब्यूटी पॉर्लर जाएगी। तब वह भी ब्यूटी पार्लर पहुंचा। जहां दोनों बातचीत कर रहे थे, लेकिन युवती उसके प्यार को अपनाने के लिए तैयार नहीं थी। इसी बीच गुस्से में आकर उसने गोली चला दी। उसने दूसरी गोली भी चलानी चाही, लेकिन गोली पिस्टल में फंस गई। इस बीच ब्यूटी पार्लर के एक व्यक्ति उसे पकड़ना चाहा, लेकिन वह उसे झटक कर वहां से भाग गया।

घायल दुल्हन के बयान पर कासिम बाजार थाना में अमन कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी सदर राजेश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। किला परिसर में आरोपी के रहने की सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर गोली से घायल युवती का इलाज सफिया सराय स्थित इमरजेंसी हॉस्पीटल में चल रहा है। जहां वह खतरे से बाहर बताई जा रही है। डॉक्टर के अनुसार, उसके चेस्ट में सर्जिकल इनफाइजमा की शिकायत है। वहीं, दूसरी तरफ पुलिस ने घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त 1 देसी पिस्टल, 1 मैगजीन, 1 खोखा और 3 जिंदा कारतूस और खून सना घायल युवती का चप्पल बरामद किया था। इसके बाद टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक जांच आरंभ किया। शादी रविवार की रात होनी थी। इसके लिए मैरिज हॉल में 2 लाख का पंडाल व 1 हजार लोगों के खाना का इंतजाम किया गया था। रात 7 बजे के बाद काफी लोग खा भी चुके थे। बारात 8 बजे तक आ चुकी थी।

## संक्षिप्त -समाचार

### 15 जून को बिहार शरीफ में लगेगा जॉब कैंप

सिक्युरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया और सिक्युरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा नालंदा के विभिन्न प्रखंडों में कैंप लगाकर 1700 सुरक्षा जवान, 250 सुरक्षा सिपाही सुपरवाइजर के साथ ही 200 कैश कस्टोडियन का चयन करेंगी। चयनित अभ्यर्थियों को 21 सेंटरों में से एक सेंटर ट्रेनिंग एकेडमी झारखंड के गढ़वा में 1 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस ट्रेनिंग में चयनित अभ्यर्थियों को ड्रिल, पीटी, कराटे, थ्योरी औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी तथा प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सुरक्षा, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा व अन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा। भर्ती के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य, सुरक्षा जवान की बहाली की जाएगी। 21 से 30 वर्ष के युवा इस में शामिल हो सकते हैं जिनकी ऊंचाई 168 सेंटीमीटर, वजन 56 किलोग्राम से अधिक होना चाहिए। सुरक्षा सिपाही सुपरवाइजर के लिए 21 से 37 वर्ष, ऊँचाई 170 सेंटीमीटर और वजन 56 किलोग्राम होना अनिवार्य है। इच्छुक युवा तय तिथि को आकर शैक्षणिक प्रमाण पत्र व फोटो के साथ संबंधित शिविर में जाकर शामिल हो सकते हैं। सिलाव प्रखंड 23 मई, चंडी प्रखंड 24 मई, नगरनौसा प्रखंड 25 मई, राजगीर प्रखंड 26 मई, परवलपुर प्रखंड 27 मई, गिरियक प्रखंड 29 मई, हरनौत प्रखंड 30 मई, रहुई प्रखंड 5 जून, नूरसराय प्रखंड 6 जून, इस्लामपुर प्रखंड 8 जून, अस्थावां प्रखंड 9 जून, सरमेरा प्रखंड 10 जून, हिलसा प्रखंड 11 जून, बेन प्रखंड 12 जून, एकंगरसराय प्रखंड 13 जून एवं बिहारशरीफ प्रखंड में 15 जून को शिविर लगाया जाएगा।

### नालंदा में बदमाशों ने युवक को मारी गोली

**नालंदा** में बदमाशों ने सोमवार देर शाम भूमि विवाद में एक युवक को गोली मार दी। मामला नगर थाना क्षेत्र के एतवारी बाजार मोहल्ले का है। जख्मी युवक हरनौत थाना क्षेत्र के बाजार निवासी स्व. मनोज साव के (28) वर्षीय पुत्र विक्की कुमार है। इलाज के लिए देर शाम बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली युवक के कंधे में लगी है। जख्मी विक्की कुमार ने बताया कि एतवारी बाजार मोहल्ले में उसकी जमीन है। शाम को वह अपनी जमीन देखने के लिए आया था। कुछ बदमाशों ने कहा कि यह जमीन उसकी नहीं है। इसी बात पर दोनों में विवाद हुआ। विवाद के बाद दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। इसी दौरान बदमाश गोली चलाने लगा। उसने गोली मारने का आरोप मोसिफ पर लगाया है। गोली लगते ही वह भागकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंच गया। नगर थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि भूमि विवाद में युवक को गोली मारी गई है पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

### मुजफ्फरपुर में 3 अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी

**मुजफ्फरपुर** में फर्जी नर्सिंग होम और अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग साथ मिलकर इन लोगों पर कार्रवाई कर रही है। ऐसे में सोमवार को जिले में कई जगहों पर छापेमारी की गई। जिसमें मुशहरी क्षेत्र के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया गया है। मुजफ्फरपुर जिला के प्रभारी जिला अधिकारी सह उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी के आदेश पर गठित जांच टीम ने सोमवार की शाम मुशहरी प्रखंड क्षेत्र के तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी की गई। जिसमें नवादा चौक स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर पता चला की सेंटर से संचालक समान खाली कर सेंटर बंद कर चुका है। प्रखंड चौक स्थित विनायक अल्ट्रासाउंड भी बंद मिला। उसके बाद मुशहरी पीएचसी के सामने जनकल्याण अल्ट्रासाउंड सह पैथोलॉजी सेंटर पर छापेमारी की गई। टीम को देखते ही सेंटर का संचालक फरार हो गया। सेंटर पर एक कर्मी मिला। जिसने कागजात दिखाया। मौके से जांच टीम ने एक रजिस्टर जब्त किया। एक रजिस्टर में मरीज को लाने वाले से ज्यादा आशा कार्यकर्ता का हस्ताक्षर पाया गया। एक रजिस्टर पर सिविल सर्जन का हस्ताक्षर संदिग्ध पाया गया। जांच टीम द्वारा और भी कई कागजात मांगा गया। जिसमें कर्मी से मांगे गए कागजात दिखाने में आनाकानी की। उसके बाद जांच टीम ने जनकल्याण अल्ट्रासाउंड को सील कर दिया।

### दो बच्चों की मौत के बाद जीवित होने का मामला

**दरभंगा** में मंगलवार को जीवन और मौत का खेल देखने को मिला। दो बच्चों पर ठनका गिरा। दोनों बेसुध हो गए। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। फिर परिजनों दोनों को घर ले आए और दोनों की मालिश शुरू की। ग्रामीणों का दावा है कि दोनों बच्चों की सांस चलने लगी। घटना बिरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर कहुवा गांव की है। हालांकि इनमें से एक ने करीब 1 घंटे बाद दम तोड़ दिया। दरअसल, ठनका की चपेट में आने के बाद परिजनों ने दो बच्चों आनंद कुमार (15) और नीतीश राम (15) को अनुमंडलीय अस्पताल, बेनीपुर ले गए। यहां तैनात डॉक्टर ने दोनों की जांच की और उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन दोनों के शव को लेकर घर पहुंचे। ग्रामीणों का दावा है कि इसी बीच दोनों बच्चों की बॉडी में हरकत दिखी और पूरे गांव में अफरातफरी मच गया। कुछ लोग बच्चों सीने को रगड़ने लगे तो कुछ दूध पिलाने लगे। इसी बीच एक बच्चे नीतीश राम (15) को परिजन अस्पताल लेकर भागे पर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि आनंद कुमार फिलहाल ठीक है। इधर, बेनीपुर अनुमंडल अस्पताल की डॉक्टर प्रभारी कुमारी भारती ने बताया कि अस्पताल लाने के क्रम में ही दोनों बच्चों की मौत हो गई थी। ग्रामीण आवेश में कुछ कह रहे हैं। इसका कोई मतलब नहीं है। हो सकता है कि गाड़ी में या फिर शव उठाने के क्रम में बच्चों के हाथ आंख वगैरह हिला होगा, जिससे उन्हें लगा होगा कि वह जीवित है जो कि सरासर गलत है।

### समस्तीपुर में सड़क हादसा एक की मौत

**समस्तीपुर** में सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। उक्त व्यक्ति सोमवार रात काम कर घर लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। हादसा जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर दरभंगा पथ पर भूट्टा चौक के पास हुआ। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों ने समस्तीपुर दरभंगा पथ को शव के साथ जाम कर दिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, पुलिस ने रात में ही लोगों को समझाकर जाम खत्म करवा दिया। मृतक की पहचान बासुदेवपुर गांव के नागेश्वर पासवान 55 के रूप में की गई है। नागेश्वर पासवान देर रात काम निपटाने के बाद साइकिल से वापस घर गोपालपुर लौट रहा था इसी दौरान दरभंगा की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसे ठोकर मार दी। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने लोगों को समझाकर सड़क जाम समाप्त कराया।

## सहज नोट वापसी

जब से 2,000 रुपये के नोट की विदाई तय हुई है, तब से लोगों के बीच नाना प्रकार की चचाएं चल रही हैं। इन चचाओं या अफवाहों को विराम देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने जो घोषणा की है, वह सामयिक और स्वागतयोग्य है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया कि 2,000 के नोट बदलने के लिए बैंकों में भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि 30 सितंबर की समय-सीमा अभी चार महीने दूर है और भारतीय रिजर्व बैंक इस प्रक्रिया में आने वाले सभी मुद्दों के प्रति संवेदनशील रहेगा। मतलब, आने वाले समय में अगर नोटों को वापस लेने में कोई परेशानी आती है, तो रिजर्व बैंक तत्काल समाधान के लिए आगे आएगा। यह अच्छा है कि लोगों में फैली चिंता से रिजर्व बैंक पूरी तरह वाकिफ है। गवर्नर ने यह भी कहा है कि जब 2,000 रुपये के नोट चलन में थे, तब भी दुकानदारों में इन नोटों को स्वीकार करने को लेकर अनिच्छा थी। गवर्नर की यह स्वीकारोक्ति खास मायने रखती है। इससे पता चलता है कि 2,000 के नोटों को जिस तरह का समर्थन या विश्वास लोगों के बीच मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। ऐसे में, इन नोटों की वापसी का फैसला भूल सुधार ही नहीं, बल्कि नोटों पर लोगों की विश्वास बहाली की एक कोशिश भी है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि 2,000 के नोट वापस लेने का फैसला सामान्य प्रक्रिया के तहत लिया गया है और स्वच्छ नोट की नीति के अनुरूप यह कदम लोगों को पर्याप्त समय देते हुए उठाया गया है। किसी तरह की जल्दी मचाने की जरूरत नहीं है। यह स्पष्टीकरण जरूरी था, क्योंकि अर्थव्यवस्था में ऐसे कई गलत तत्व हैं, जो ऐसे मौकों का गलत फायदा उठाते हैं। लोगों के भय से कमाई करने की दुष्प्रवृत्ति पिछली बार नोटबंदी के समय भी खूब देखी गई थी। नोट बदलने की प्रक्रिया में दलाली का चलन अनेक स्तरों पर देखा गया था। बैंककर्मी भी शामिल थे और कालाबाजारियों ने भी खूब चांदी काटी थी। इस बार नोट बदलने को लेकर रिजर्व बैंक ने कोई जल्दबाजी नहीं दिखाई है और न ही प्रधानमंत्री को घोषणा का अवसर देकर इसे अति-महत्वपूर्ण बनाया गया है। रिजर्व बैंक अपनी पिछली गलतियों से सीखकर आगे बढ़ा है। इस बार नोट वापसी के लिए पर्याप्त समय दिया गया है और इतने समय में आसानी से नोट वापसी संभव हो सकती है। आज से देश भर में 2,000 के नोटों को बदलने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। रिजर्व बैंक ने सभी तरह के आवश्यक निर्देश बैंकों को दे दिए हैं। रिजर्व बैंक ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 2,000 के बदले लौटाने के लिए बैंकों के पास अन्य नोट पर्याप्त मात्रा में हैं, तो लोगों को जल्दी मचाने की जरूरत नहीं है। आरबीआई गवर्नर ने फिर यह दोहराया है कि ये नोट कानूनी निविदा बने रहेंगे। ये नोट मुख्य रूप से विमुद्रीकरण के बाद हटाए गए नोटों की भरपाई के लिए लाए गए थे और अब इनका मकसद पूरा हो गया है। बैंकों को नोट वापसी की पूरी व्यवस्था करने के लिए कहा गया है, ताकि लोगों को चिलचिलाती धूप में न खड़ा होना पड़े, उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो। यह बैंकों के लिए भी परीक्षा की घड़ी है।

## धीमी वापसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 500 रुपये और 1,000 रुपये के नोटों के आर्थिक रूप से हानिकारक विमुद्रीकरण के साढ़े सात साल बाद 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की 19 मई की घोषणा ने आशंका का माहौल पैदा कर दिया है। नवंबर 2016 में तत्कालीन समय में उपलब्ध उच्च मूल्य के मुद्रा नोटों की वैध मुद्रा की हैसियत को अचानक और पूरी तरह से रद्द करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसले का मकसद जहां स्पष्ट रूप से ह्यकाले धन और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबलाह्ल करना था, वहीं आरबीआई ने जोर देकर कहा है कि ताजा कदम उसकी ह्यस्वच्छ नोट नीतिह्ल के अनुरूप है और यह वापस लिए गए नोटों की वैध मुद्रा की हैसियत में कोई बदलाव नहीं करता है। केंद्रीय बैंक ने भले ही वापस ली गई मुद्रा को बदलने या जमा करने के लिए 30 सितंबर की समय सीमा निर्धारित की है, लेकिन इससे आम आदमी के लिए इस नोट का इस्तेमाल जारी रखना मुश्किल हो गया है। देश भर से इस आशय की खबरें आ रहीं हैं कि इन नोटों के वैध मुद्रा बने रहने के बावजूद निर्माण जैसे क्षेत्रों में जीविका कमाने वाले मजदूरों सहित आम उपभोक्ताओं को दवाओं, पेट्रोल और रोजमर्रा की जरूरतों के अन्य सामानों की खरीद के दौरान भुगतान करने के लिए जूझना पड़ रहा है। वर्ष 2018-19 में 2,000 रुपये के नए नोटों की छपाई बंद कर दिए जाने की आरबीआई की स्वीकारोक्ति के मद्देनजर इन नोटों को चलन से अचानक वापस लेने के फैसले के औचित्य पर कई सवाल खड़े हुए हैं। आरबीआई ने कहा कि नोटबंदी के बाद ह्लअर्थव्यवस्था की मुद्रा संबंधी जरूरतों को तेजी से पूरा करने के लिएह्ल नवंबर 2016 और मार्च 2017 के बीच 2,000 रुपये के लगभग 89 फीसदी नोट जारी किए गए थे और उसके बाद कम मूल्य की मुद्राओं के पर्याप्त रूप से उपलब्ध हो जाने से 2,000 रुपये के नोटों की जरूरत खत्म हो गई। केंद्रीय बैंक ने यह भी तर्क दिया है कि जिन नोटों को वापस लिया जाना है वे 4-5 साल के अपने अनुमानित जीवन-काल के अंतिम दौर में हैं और चलन में मौजूद इन नोटों का मूल्य 31 मार्च को घटकर 3.62 लाख करोड़ रुपए या उनकी तादाद चलन के लिए उपलब्ध कुल नोटों का 10.8 फीसदी रह गई है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



झारखंड एकेडमिक कॉउन्सिल (जैक) बोर्ड मैट्रिक और इंटर (साइंस) परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आप सभी नित नई ऊंचाइयों को छुए, यही कामना करता हूं। इस अवसर पर सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई देता हूं।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



ईडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शराब की 'हर बोतल' पर अवैध धन कमाया गया और अनवर ढेबर (रायपुर के मेयर और कांग्रेस नेता एजाज ढेबर का भाई) के दो हजार करोड़ रुपये के शराब सिंडिकेट का सबूत मिला है। हेमंत जी, छत्तीसगढ़ में आपकी खातिरदारी करने वाले ढेबर बंधु ही थे न? उस दौरान कुछ डील भी हुई थी? छत्तीसगढ़ शराब गिरोह ने झारखंड के राजस्व को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया, उसका लाभ किसे मिला? सबको पता है। जांच की दिशा बिल्कुल ठीक जा रही है, झारखंड की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने वाले बचेंगे नहीं।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# ताबूत बने मिग 21 लड़ाकू विमान!

**ANALYSIS**



रमेश सर्राफ धमोरा

मिग-21 को 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। एक जमाने में ये दुनिया के सबसे ताकतवर फाइटर प्लेन में शामिल था। इसकी तेज रफ्तार और मारक क्षमता के आगे अमेरिका जैसे देश भी डरते थे। ये इकलौता ऐसा फाइटर प्लेन है जिसे दुनियाभर के 60 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल किया गया है। अब तक इस लड़ाकू विमान की 11 हजार 496 यूनिट का निर्माण किया जा चुका है। मिग-21 विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है। सत्तर के दशक में यह दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर प्लेन था। मिग-21 वही फाइटर प्लेन है जिससे भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ-16 को मार गिराया था। हालांकि उनका मिग 21 क्रैश हो गया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध में भी मिग-21 ने अहम भूमिका निभाई है। मिग-21 बाइसन फाइटर जेट अब केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं।

भारतीय वायुसेना ने अपने लड़ाकू विमान मिग-21 के पूरे बेड़े की उड़ान पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है। लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए ऐसा फैसला लिया गया है। राजस्थान में सूरतगढ़ के पास आठ मई को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक मिग-21 एयरक्राफ्ट क्रैश होकर आबादी क्षेत्र के मकानों पर गिर गया था। उस हादसे में तीन महिलाओं की जान चली गई थी। वायुसेना ने इनकी उड़ान को तब तक के लिए रोक दिया है जब तक कि इस हादसे की जांच पूरी नहीं हो जाती । अब तो लोग इन्हें मौत के उड़ते ताबूत तक कहने लगे हैं। कुछ लोग इनको फ्लाइंग कॉफिन और विडो मेकर पुकारने लगे हैं। इनको स्थायी रूप से सेना से बाहर करने की मांग होती रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन एयरफोर्स के 400 से ज्यादा मिग-21 विमान पिछले 60 साल में दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इनमें 200 से अधिक पायलटों और 63 नागरिकों की जान जा चुकी है। अभी वायुसेना के पास मिग-21 बाइसन की तीन स्क्वाड्रन हैं। इन्हे 2025 की शुरूआत में चरणबद्ध तरीके से वायुसेना से हटाया जाएगा। मिग-21 को 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। एक जमाने में ये दुनिया के सबसे ताकतवर फाइटर प्लेन में शामिल था। इसकी तेज रफ्तार और मारक क्षमता के आगे अमेरिका जैसे देश भी डरते थे। ये इकलौता ऐसा फाइटर प्लेन है जिसे दुनियाभर के 60 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल किया गया है। अब तक इस लड़ाकू विमान की 11 हजार 496 यूनिट का निर्माण किया जा चुका है। मिग-21 विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है। सत्तर के दशक में यह दुनिया में सबसे



ज्यादा बिकने वाला फाइटर प्लेन था। मिग-21 वही फाइटर प्लेन है जिससे भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ-16 को मार गिराया था। हालांकि उनका मिग 21 क्रैश हो गया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध में भी मिग-21 ने अहम भूमिका निभाई है। मिग-21 बाइसन फाइटर जेट अब केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। इनका उपयोग लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए किया जाता है। ये विमान एयरक्राफ्ट शॉर्ट रेंज और मीडियम रेंज एयरक्राफ्ट मिसाइलों से हमला करने में सक्षम है। इस लड़ाकू विमान की स्पीड 2229 किलोमीटर प्रति घंटा की है।

मिग 21 लडाकू विमान को बनाने वाली सोवियत वायुसेना ने इसे 1985 में ही अपनी वायुसेना से हटा दिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने भी इसे सेवा से हटा दिया था। भारत में भी 1990 के दशक के मध्य में इनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जाता रहा है। अक्टूबर 2014 में तत्कालीन वायुसेना प्रमुख ने कहा था कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि वायुसेना बेड़े के कुछ विमान बहुत पुराने हो गए हैं। नए लड़ाकू विमानों को शामिल करने में देरी के कारण भारतीय वायुसेना को मिग 21 विमानों को लंबे समय तक सेवा में रखना पड़ा। देरी का मुख्य कारण वायुसेना को भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित संख्या में स्क्वाड्रन ताकत बनाए रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे को लेकर राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया के कारण ही मिग 21 को सामान्य से अधिक समय तक सेवा में रखना पड़ रहा है। जुलाई 2022 में भारतीय वायुसेना ने शेष सभी मिग -21 लड़ाकू स्क्वाड्रन को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए तीन साल की कार्य योजना तैयार की थी। इसमें से एक स्क्वाड्रन सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाली है। एक समय मिग-21 विमान अपने सभी संस्करणों के साथ भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े की रीढ़ बना था। वहीं, वायुसेना में दुर्घटनाओं की संख्या भी मिग 21 विमानों में सबसे अधिक थी। भारतीय वायुसेना मिग-21 लड़ाकू विमानों को मजबूरी में उड़ा रही थी। भारतीय वायुसेना को पाकिस्तान व चीन से दो मोर्चों पर सामना करने के लिए लड़ाकू विमानों की 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है। मगर भारत के पास अभी 32 स्क्वाड्रन ही मौजूद हैं। इनमें भी तीन स्क्वाड्रन मिग-21 के शामिल हैं। भारतीय वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की कमी का मुख्य कारण लंबे समय से लड़ाकू विमानों की खरीद नहीं करना है। 2016 में फ्रांस से दो स्क्वाड्रन विमानों की खरीद की गई थी। भारत में निर्मित स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की 83 यूनिट खरीदने के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को आर्डर दिए गए हैं। इनकी आपूर्ति में अभी समय लगेगा। ऐसे में वायुसेना को तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लड़ाकू विमानों की जरूरत है। भारत ने 114 लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए वैश्विक स्तर पर बोली आमंत्रित की है। इन मल्टीरोल लड़ाकू विमानों की खरीद पर भारत सरकार करीबन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करेगी। अमेरिकी, फ्रांसीसी और स्वीडिश विमान निमार्ता कंपनियां इस सौदे को हासिल करने के लिए दौड़ में शामिल हैं। अगले साल से स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस वायुसेना को मिलने शुरू हो जाएंगे। इसके बाद उम्मीद है कि आने वाले चार-पांच वर्षों में भारतीय वायुसेना के पास 40 से अधिक स्क्वाड्रन हो जाएगी। हमारे देश में वायुसेना के लिए विमानों व हेलीकॉप्टरों में खरीद की प्रक्रिया धीमी है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने घोषणा की थी कि विभिन्न दुर्घटनाओं में क्षतिग्रस्त हुए 12 सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान और 21 मिग 29 विमानों को जल्दी ही खरीद कर वायुसेना को दिया जाएगा ताकि वायुसेना के बेड़े में उनकी संख्या पूर्ववत हो जाए। मगर यह सौदा भी अभी बातचीत के स्तर पर ही चल रहा है। यदि उक्त सौदा जल्दी ही पूरा हो जाता है तो भारतीय वायु सेना को 33 लड़ाकू विमान और मिल जायेंगे। मिग-21 लड़ाकू विमानों की उड़ानों पर रोक लगाकर वायुसेना ने सराहनीय फैसला लिया है। सूरतगढ़ हादसे में गनीमत यह रही कि पायलट ने घनी आबादी से दूर विमान को ले जाने का प्रयास किया। इसकी बदौलत बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# गंगा को स्वच्छ बनाने का अभियान अधर में

सरकार नदी किनारे स्थित चार हजार गांवों से निकलने वाले लगभग चौबीस सौ नालों को चिह्नित करके इनकी जियो टैगिंग करेगी। नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों के बावजूद यह अभियान अब तक कहां तक पहुंचा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आज भी गंगा जैसी अहम नदी को स्वच्छ बनाने की कोई नई पहल करनी पड़ रही है। हालत यह है कि अलग-अलग मौके पर लागू दिशानिदेर्शों के बावजूद कम से कम मलबा डालने पर भी रोक नहीं लगाई जा सकी है। अब एक बार फिर केंद्र सरकार ने गंगा नदी के किनारे मलबा डाले जाने या गावों का गंदा पानी नदी में गिराने से प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर संज्ञान लिया है। इसके तहत सरकार नदी किनारे स्थित चार हजार गांवों से निकलने वाले लगभग चौबीस सौ नालों को चिह्नित करके इनकी ह्यजियो टैगिंगह्ल करेगी। सरकार इनसे ठोस कचरा प्रवाहित होने से रोकने के लिए एक उपकरण ह्यएरेस्टर स्क्रीनह्ल लगाएगी। यह गंगा नदी में अलग-अलग वजहों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के अलावा किया जा रहा उपाय है। अब यह उम्मीद की जा



सकती है कि इसके जरिए मानव-सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। हालांकि यह अपने आप में एक सवाल होना चाहिए गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए दशकों से लागू गंगा कार्ययोजना या नमामि गंगे जैसे महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम और अन्य नीतियों के बावजूद आज भी इतनी बड़ी तादाद में ठोस कचरा या अन्य तरह की गंदगी बहाने वाले नालों पर कैसे रोक नहीं लग सकी। गौरतलब है कि गंगा नदी पर अधिकार संपन्न कार्यबल यानी ईटीएफ की पिछले महीने हुई ग्यारहवीं बैठक में यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण इसके मलबे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। इससे नदी के जल में ठोस कचरा का स्तर बढ़ गया। इससे जलमल शोधन संयंत्रों में गंदे पानी का शोधन करने में समस्याएं आ रही हैं। हैरानी की बात यह है कि करीब साढ़े तीन दशक से गंगा कार्ययोजना सहित अन्य तमाम कार्यक्रमों जैसे अभियानों के बीच क्या गंगा को प्रदूषित करने वाला यह कोई नया कारक खोजा गया है? अगर नहीं, तो इस समस्या को चिह्नित करने में इतना लंबा वक्त कैसे लग गया? यह समझना मुश्किल नहीं है कि समस्या शायद योजनाओं या कार्यक्रमों नहीं होगी, उनके अमल में बरती गई लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्त्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य हो जा सकता है। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। लगभग तीन साल पहले यह खबर आई थी कि सरकार 2022 तक गंगा नदी में गंदे नालों के पानी को गिरने से पूरी तरह रोक देगी और इस मसले पर एक मिशन की तरह काम चल रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि इसके एक साल बाद चौबीस सौ से ज्यादा नाले चिह्नित किए गए हैं, जिनकी गंदगी और कचरे से गंगा का जीवन धीरे-धीरे छीज रहा है। यह स्थिति बताती है कि इस नदी के निर्मलीकरण के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की उपलब्धि वास्तव में कितनी है। नीतियों और योजनाओं के बरक्स उन पर अमल की यह तस्वीर राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को भी दशार्ती है। अन्यथा क्या कारण है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने के क्रम में सबसे ज्यादा जोर गंगा को स्वच्छ बनाने पर ही दिया गया, मगर इसका हासिल आज भी संतोषजनक नहीं है!

# पार्किंग का पंगा, सड़कों पर अड़ंगा

भले ही यह बात थोड़ी अजीब अवश्य लगे पर अब शहरों में घरेलू या यूं कहें कि निजी चौपहिया वाहनों की पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है। यह भी सही है कि यह समस्या केवल और केवल हमारे महानगरों की ही नहीं अपितु दुनिया के अधिकांश देशों के सामने तेजी से विस्तारित होती जा रही है। दुनिया के देश चौपहिया वाहनों की पार्किंग समस्या से दो-चार हो रहे हैं और इस समस्या के समाधान के लिए अनेक विकल्पों पर मंथन कर रहे हैं। यहां तक की पार्किंग शुल्क से अच्छी खासा आय होने लगी है। अकेले भारत की ही बात करें तो देश में करीब पांच करोड़ कारें चलन में हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार दिल्ली में उपलब्ध कारों की पार्किंग के लिए ही चार हजार से अधिक फुटबाल के मैदानों जितनी जगह की आवश्यकता है। अगर दिल्ली में पार्किंग से आय की बात करें तो यह कोई 9800 करोड़ रुपये से अधिक हो जाती है। देश के किसी भी कोने में किसी भी शहर की गलियों में निकल जाएं तो देखेंगे कि गलियों में घरों के बाहर सड़क की आधी जगह तो कारों के पार्क होने अटी होती है। यानी कि एक ही घर में एक से अधिक कार और वाहन होना अब आम होता जा रहा है। किसी भी शहर में ऑफिस या बाजार खुलने और बंद होने के समय तो जाम लग जाना आम होता जा रहा है। यह सब तो तब है जब देश में आबादी की तुलना में यह माना जा रहा है कि कारों की संख्या कम है। आने वाले सालों में कारों की संख्या में इजाफा ही होगा। इसमें कोई दोराय नहीं हो सकती। यातायात के हालात यह होते जा रहे हैं कि कई बार तो चंद कदमों की दूरी पार करने में ही लंबा समय लग जाता है। दरअसल इस सबके अनेक कारणों में से उपनगर विकसित करने पर ध्यान नहीं देना, व्यस्ततम स्थानों पर ही बहुमंजिला इमारतें बनाने की छूट देना, शहरी सार्वजनिक यातायात तंत्र का विकसित नहीं होना, वाहनों की खरीद सहज होना और वाहनों की पार्किंग के लिए दूरगामी योजना का अभाव होना भी है। अब तो हालात यहां तक होने लगे हैं कि पार्किंग को लेकर झगड़ा या यूं कहें कि जानलेवा विवाद होना तक आम होता जा रहा है। रोड रेज की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ने लगी हैं। दरअसल चौपहिया वाहनों की जिस तरह से सुगम ऋण सुविधा व पैसों के तेजी से बढ़ते प्रवाह के कारण सहज पहुंच हुई है उसका एक सकारात्मक परिणाम यह सामने आया है कि जिस तरह से अमीर गरीब सभी के लिए मोबाइल आम होता जा रहा है ठीक उसी तरह से चौपहिया वाहन आम होता जा रहा है। जहां तक पैसों वालों का प्रश्न है तो उनके घरों में एक से अधिक वाहन होना तो सामान्य बात है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि थोड़ी सी भी अच्छी माली हालत वाले लोग अब महंगी और यूएसवी, एमएसवी वाहनों की ओर शिफ्ट करते जा रहे हैं। किसी भी शहर की गलियों में आधा फुटपाथ तो वाहनों की पार्किंग के कारण ही देखा जा सकता है। लोगों की सोच या डिमांड में भी अंतर आया है और अब लोग छोटी कार लेना पसंद ही नहीं करते। नैनो जैसी छोटी कार के परिणाम हमारे सामने हैं। घर में जगह नहीं होने के कारण सड़कों पर ही गाड़ियां खड़ी करनी पड़ती हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का आकलन है कि 2050 तक दुनिया के देशों में केवल और केवल कारों की पार्किंग के लिए ही 80 हजार वर्ग किलोमीटर स्थान की आवश्यकता होगी। यानी कि इतनी जगह कि छोटा मोटा देश आसानी से इस जगह में समा सके। हालांकि पुराने कबाड़ को लेकर दुनिया के देशों की सरकारें योजनाएं बना रही हैं पर यह भी अपने आप में एक समस्या बनती जा रही है। खैर इस पर अलग से बहस हो सकती है। पर सवाल वहीं का वहीं है कि कार कारोबार में अभी तेजी आनी ही है।

## शांति के लिए एकजुटता

हिरोशिमा में जी-7 या कथित तौर पर दुनिया के सबसे ज्यादा औद्योगीकृत देशों के समूह की बैठक आयोजित करके, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने शांति के लिए वैश्विक एकजुटता का संदेश भेजना चाहा। किशिदा खुद हिरोशिमा के ही रहने वाले हैं। वर्ष 1945 में हुई परमाणु बमबारी के पीड़ितों के शांति स्मारक में यूरोपीय संघ और जी-7 के नेताओं को लाने की सांकेतिक अहमियत के अलावा, इस समूह ने परमाणु निरस्त्रीकरण पर हिरोशिमा विजन बयान भी जारी किया। बैठक के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि इस शहर का दौरा करने वाले मात्र दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति जोसेफ बाइडन ने इस सम्मेलन में शिरकत कर एक खास संदेश दिया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के अचानक पहुंचने से यूक्रेन पर रूस के हमले की भयावहता की ओर भी लोगों का ध्यान गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह बयान भी महत्वपूर्ण था कि यह संकट, मानवता का संकट है। जी-7 के सदस्य देशों ने यूक्रेन पर अलग से एक बयान जारी किया और रूस पर और ज्यादा प्रतिबंध लगाए, लेकिन बातचीत शुरू करने और युद्ध खत्म करने की दिशा में रास्ता तलाशने में वे नाकाम रहे। दुनिया को सफेद-स्याह में नहीं देखने वाले भारत, ब्राजील, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे देशों को आमंत्रित करने तथा श्री किशिदा द्वारा बार-बार दक्षिणी दुनिया के देशों का जिक्र किए जाने के बावजूद इस शिखर सम्मेलन के बयानों में दुनिया के बारे में काफी ध्रुवीकृत राय देखने को मिली और ऐसा लगा कि सिर्फ और सिर्फ जी-7 की निगाहों से ही दुनिया की व्याख्या हो रही है। अगर जी-7 समूह को अपना नजरिया व्यापक बनाना है, तो उसे यह स्वीकार करना होगा कि दुनिया के बड़े हिस्से की नुमाइंदगी से वह पूरी तरह वंचित है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल के एलिमिनेटर मुकाबले में आज सुपरजाइंट्स और मुम्बई होगी आमने-सामने

**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में बुधवार को मुंबई इंडियन्स का मुकाबला लखनऊ सुपरजाइंट्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत की प्रबल दावेदार नजर आती हैं पर मुम्बई ने जिस अंदाज में प्लेऑफ में जगह बनायी है। इससे उसका पलड़ा भारी नजर आता है। मुम्बई के बल्लेबाज शानदार फार्म में हैं हालांकि उसकी गेंदबाजी कमजोर है। गेंदबाजी में मुंबई को अनुभवी पीयूष चावला से काफी उम्मीदें होंगी। पीयूष ने अभी तक टीम की ओर से सबसे ज्यादा 20 विकेट लिए हैं। इसके अलावा जेसन बेहरेनडोर्फ ने भी तेज गेंदबाजी में प्रभावित किया है।

मुंबई की टीम पिछले इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अंतिम स्थान पर रही थी पर इस बार टीम ने शुरुआती झटकों से उबरकर शानदार वापसी करते हुए प्ले ऑफ में जगह बनाई। गुजरात टाइटंस की अंतिम लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर जीत के साथ ही मुंबई को प्ले ऑफ में जगह मिली थी। अब कप्तान रोहित शर्मा और उनकी टीम की नजरें अपने छठे खिताब पर रहेंगी।

वहीं दूसरी ओर सुपरजाइंट्स को पिछले सत्र में एलिमिनेटर में ही हार का सामना करना पड़ा था और ऐसे में इस बार टीम आगे बढ़ना चाहेगी। टीम के कार्यवाहक कप्तान कृणाल पंड्या ने अब तक अच्छी कप्तानी करते हुए टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाया है और अब उनकी नजर एक और जीत पर रहेगी हालांकि उसके मुंबई के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पर अंकुश लगाना होगा। ग्रीन ने अंतिम लीग मैच में सरराइजर्स हैदाबाद के खिलाफ शानदार शतक लगाया था।

सुपरजाइंट्स के खिलाफ इस मैच में मुम्बई की बल्लेबाजी ग्रीन के अलावा सूर्यकुमार यादव, सलामी बल्लेबाज इशान किशन और कप्तान रोहित पर आधारित रहेगी। जिस प्रकार से पिछले कुछ मैचों में मुंबई के बल्लेबाजों ने खेला है उसको देखते हुए सुपरजाइंट्स के गेंदबाजों के लिए उन्हें रोकना आसान नहीं रहेगा। सुपरजाइंट्स के पास लेग स्पिनर रवि बिश्नोई हैं जिनसे मुम्बई के बल्लेबाजों को सतर्क रहना होगा। उन्होंने पिछले 14 मैच में 16 विकेट लिए हैं और वह




सबसे सफल गेंदबाजी हैं। बिश्नोई के अलावा आवेश खान, कृणाल और अनुभवी अमित मिश्रा को भी इस मैच में अहम भूमिका निभानी होगी। जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर के नहीं होने से मुम्बई का तेज गेंदबाजी आक्रमण भी कमजोर है जिसका लाभ सुपरजाइंट्स को मिल सकता है।

सुपरजाइंट्स के बल्लेबाजों ने अब तक इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। मार्कस स्टोइनिस काइल मायर्स और निकोलस पूरन पर टीम की ओर से रन बनाने की जिम्मेदारी रहेगी। चेपक की पिच धीमी रहती है जिससे ये बल्लेबाज बड़ स्कोर बना सकते हैं। कुल मिलाकर यह मुकाबला रोमांचक रहना तय है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**लखनऊ सुपरजाइंट्स:** कृणाल पंड्या (कप्तान), आयुष बडोनी, कर्ण शर्मा, मनन वोहरा, क्विंटन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस, कृष्णप्पा गौतम, दीपक हुड्डा, काइल मायर्स, आवेश खान, मोहसिन खान, मार्क वुड, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, निकोलस पूरन, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, डेनियल सैम्स, अमित मिश्रा, प्रेरक मांकड़, स्वप्निल सिंह, नवीन-उल-हक, युद्धवीर चरक और करुण नायर।

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा (कप्तान), क्रिस जोर्डन, अरशद खान, जेसन बेहरेनडोर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन, डुआन यानसेन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिली मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा और सूर्यकुमार यादव।

# जोकोविच को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बने अल्कारेज



**पेरिस। (एजेंसी)।** कार्लोस अल्कारेज नवीनतम एटीपी रैंकिंग में नोवाक जोकोविच को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं जिससे उन्हें फ्रेंच ओपन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। इटैलियन ओपन का खिताब जीतने वाले दानिल मेदवेदेव नवीनतम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। रोम में गत चैंपियन के रूप में उतरे जोकोविच को चौथे दौर में हार का सामना करना पड़ा जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। रविवार से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन के साथ पहली बार स्पेन के अल्कारेज को किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता मिलेगी।

वह इस महीने 20 बरस के हो जाएंगे। उन्होंने 2023 में 30 मुकाबलों में जीत दर्ज की है जबकि तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ गत फ्रेंच ओपन चैंपियन ईगा स्वियातेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। वह एक साल से अधिक समय से दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता एरिना सबालेंका दूसरे स्थान पर हैं। इटैलियन ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली एलेना रिबाकिना दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। जेसिका पेगुला तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए हार्दिक को शामिल करें : प्रसाद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा है कि अगले माह इंग्लैंड में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारतीय टीम को हार्दिक पांड्या को शामिल करना चाहिये। प्रसाद के अनुसार हार्दिक ने अबतक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह इंग्लैंड में गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी बेहतर योगदान दे सकते हैं। वहीं पांड्या टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहते हैं इसलिए उनसे इस बारे में पूछा जाना चाहिये। पांड्या ने कुछ समय पहले कहा था कि वह अपने जीवन में नैतिक रूप से बहुत मजबूत हैं। साथ ही कहा था कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए 10 फीसदी भी काम नहीं किया है। ऐसे में वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेलने के लिए अपने को योग्य नहीं मानते हैं। साथ ही कहा था कि अगर मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना ही चाहूंगा तो कड़ी मेहनत से मैं अपनी जगह बनाउंगा। इसलिए मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और निकट भविष्य होने वाले मैचों के लिए तब तक उपलब्ध नहीं रहूंगा, जब तक मुझे ये नहीं लगता कि मैं इस जगह के लिए योग्य हूं। भारतीय टीम के पासा ऑलराउंडर के रूप में शार्दुल ठाकुर भी हैं पर प्रसाद का मानना है कि पांड्या शार्दुल से बेहतर विकल्प हैं। शार्दुल ने टेस्ट में भारत के लिए कुछ मैचों में विजयी पारियां खेली हैं और उनमें हर वो प्रतिभा है जो उन्हें (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए टीम का हिस्सा बनाती है।

# शास्त्री ने बनायी डब्ल्यूटीसी के लिए मिलीजुली टीम

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अगले माह जून में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए दोनो टीमों को मिलाकर अपनी एक पसंदीदा टीम बनायी है। शास्त्री ने इसकी कप्तानी रोहित शर्मा को दी है। हैरान की बात है कि इस टीम में शास्त्री ने अनुभवी स्पिनर आर अश्विन और टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को शामिल नहीं किया है।

शास्त्री ने इस टीम के अंतिम ग्यारह में टीम इंडिया के केवल 4 खिलाड़ियों को जगह दी है। इसमे रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और मोहम्मद शमी ही हैं। वहीं स्पिनर के तौर पर नाथन लियोन को रखा है। इसके पीछे का कारण शास्त्री ने बताया कि विदेशी रिकॉर्ड में अश्विन से ज्यादा नाथन का रिकॉर्ड अच्छा है। इसके साथ ही चेतेश्वर पुजारा और जोश हेजलवुड जैसे खिलाड़ियों को इस मिली जुली अंतिम ग्यारह से बाहर रखा है। प्लेइंग-11 से बाहर रखा। उन्होंने कहा- मिश्रित अंतिम-11 का चयन आसान नहीं होता। पारी की शुरुआत के लिए शास्त्री ने रोहित और ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा को रखा है। वहींनंबर तीन, नंबर चार और नंबर पांच पर उन्होंने मार्नस लाबुशेन, अनुभवी विराट कोहली और स्टीव स्मिथ को रखा है।

टीम में ऑलराउंडर के रूप में रवींद्र जडेजा को टीम में जगह दी है। विकेटकीपर के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स केरी को रखा गया है।

### शास्त्री द्वारा चुनी गयी भारत-ऑस्ट्रेलिया की मिश्रित अंतिम -11 टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, विराट कोहली, स्टीव स्मिथ, रवींद्र जडेजा, एलेक्स केरी, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, मोहम्मद शमी।




# न्यूकासल ने 20 साल में पहली बार चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई किया

न्यूकासल। न्यूकासल ने सोमवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में लीसेस्टर के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलकर 20 साल में पहली बार चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस ड्रॉ का मतलब है कि रविवार को चेल्सी के खिलाफ सत्र के अंतिम मुकाबले में हार की स्थिति में भी टीम शीर्ष चार में बनी रहेगी। इस बीच लीसेस्टर पर निचली लीग में खिसकने का खतरा बरकरार है। टीम को अगर दूसरे टीयर की लीग में खिसकने से बचना है तो अपने अंतिम मैच में हर हाल में वेस्ट हैम को हराना होगा। न्यकासल अभी 37 मैच में 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रहा है जबकि लीसेस्टर इतने ही मैच में 31 अंक के साथ बीच टीम की तालिका में 18वें स्थान पर है।



# विराट ने प्रशंसकों से अगले सत्र में वापसी का वादा किया

नई दिल्ली । आईपीएल के इस 16 वें सत्र में एक बार फिर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) प्लेऑफ में जगह बनाने में असफल रही। आरसीबी के बाहर होने से अनुभवी बल्लेबाज ओर पूर्व कप्तान विराट कोहली बेहद निराश हैं। विराट ने अंतिम लीग मैच में शानदार शतक लगाया था पर इसके बाद भी वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। इससे उनकी टीम का खिताब का इंतजार फिर अगले साल तक के लिए टल गया। विराट ने इस सत्र में लगातार 2 शतक लगाते हुए शानदार प्रदर्शन किया था पर उनकी मेहनत बेकार हो गयी। जिसके बाद उनका दर्द एक ट्वीट के जरिए निकला। इस क्रिकेटर ने अगले सत्र में वापसी की उम्मीद की है। कोहली ने कहा कि टीम आईपीएल 2023 से निराशाजनक रूप से बाहर होने के कारण अब अगले सत्र में मजबूत वापसी करने के प्रयास करेगी। कोहली ने तस्वीरों के साथ ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, एक सत्र जिसमें कुछ क्षण थे पर दुर्भाग्य से हम विफल रहे। निराश, लेकिन हमें अपना सिर ऊंचा रखना चाहिए। मैं टीम के समर्थकों के प्रति आभारी हूं। इसके साथ ही मैं अपनी टीम के कोच, मैनेजमेंट और साथी खिलाड़ियों को भी धन्यवाद कहना चाहता हूं। हमारा लक्ष्य अगली बार और अधिक मजबूती से वापसी करने का रहेगा। वहीं आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने भी प्रशंसकों को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और अन्य टीमों को प्लेऑफ के लिए शुभकामनाएं दीं। डु प्लेसिस ने ट्विटर पर लिखा, आईपीएलटी20 के दो महीने कितने शानदार रहे। दुर्भाग्य से टूर्नामेंट हमारे लिए समाप्त हो गया। समर्थन और इसे इतना खास बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद।



# जूनियर एशिया कप हॉकी में आज चीनी ताइपे से खेलेगी भारतीय टीम

**सालालाह (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम बुधवार को यहां चीनी ताइपे के खिलाफ मैच से पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना अभियान शुरु करेगी। इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम की नजरें इस साल होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर रहेंगी। जूनियर एशिया कप में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीमें इस साल के अंत में में मलेशिया में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत और पाकिस्तान जूनियर एशिया कप की दो सबसे सफल टीम हैं। दोनों ने अब तक तीन-तीन बार इस टूर्नामेंट में जीत हासिल की है। भारत की टीम ग्रुप ए में पाकिस्तान, जापान, थाईलैंड और चीनी ताइपे के साथ जबकि पूल बी में मेजबान ओमान, कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान की टीमें हैं।



भारतीय टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने कहा कि बेंगलुरू में सीनियर भारतीय टीम के खिलाफ खेलने से उन्हें टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी करने का अवसर मिला है। उत्तम ने कहा, जूनियर एशिया कप हमारे लिए अपनी क्षमता साबित करने और प्रशिक्षण सत्रों के दौरान हमने जो कुछ भी काम किया है, उसे अमल में लाने का अच्छा अवसर है।

इस टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। वहीं फाइनल में प्रवेश करने वाली दोनों टीम और कांस्य पदक विजेता मलेशिया में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगे।

# राज्य इकाई की आपत्ति के बाद एनआरएआई के अध्यक्ष का चुनाव टला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने एक राज्य संघ द्वारा उठाई गई 'आपत्तियों' के बाद अपने नये अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है। एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने सोमवार को पीटीआई-को बताया कि चुनाव प्रक्रिया को 28 मई से शुरू होना था लेकिन उत्तर प्रदेश राज्य राइफल संघ (यूपीएसआरए) की आपत्तियों के बाद प्रक्रिया में देरी होगी। खेल मंत्रालय के निर्देश के बाद रनिंदर सिंह के 'लंबी छुट्टी' पर चले जाने पर अध्यक्ष का पद खाली है। राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसफ) के प्रमुख 12 साल से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकते।

रनिंदर ने अध्यक्ष के रूप में 29 दिसंबर, 2010 से 29 दिसंबर, 2022 तक अपने 12 साल पूरे कर लिये और संहिता के अनुसार वह आगे एनआरएआई के अध्यक्ष नहीं रह सकते। सुल्तान सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के टलने के कारण शीर्ष पद के लिए किसी ने आवेदान नहीं किया है। उन्होंने कहा, ''यूपीएसआरए की ओर से बार-बार आपत्ति जतायी जा रही थी। उन्होंने तीन-चार पत्र लिखे। हमें लगा कि हम दो-तीन दिन में उनके मसले को सुलझा लेंगे लेकिन चुनाव अधिकारी (उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरिजीत पसायत) ने कहा कि उनके लिए इन सभी (आपत्तियों) की जांच करना जरूरी है।

इसलिए वह इस समय प्रक्रिया को स्थगित करना चाहते थे। तो हमने कहा ठीक है। उम्मीद है कि (ताजा) चुनाव की तारीख एक सप्ताह के अंदर घोषित कर दी जायेगी।'' रनिंदर के छुट्टी पर जाने के बाद से एनआरएआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव दैनिक कामकाज के प्रभारी हैं।

# भारत के समीर ने स्लोवेनिया ओपन में स्वर्ण जीता

नई दिल्ली । भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी समीर वर्मा ने स्लोवेनिया ओपन में स्वर्ण पदक जीता है। समीर ने फाइनल में ताइवान के सु ली यांग को हराकर पहला स्थान हासिल किया। स्लोवेनिया के मारिबोर में खेले गये इस टूर्नामेंट के पुरूष एकल फाइनल में समीर ने सु ली को 21-18, 21-14 से पराजित किया। वहीं भारत के ही रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी को फाइनल में हार से रजत पदक ही मिला है। रोहन और सिक्की की जोड़ी को फाइनल में डेमामार्क के जेस्पर टॉफ्ट और क्लारा ग्रेवसेन की जोड़ी से 12-21, 13-21 से हराया। वहीं इससे पहले सेमीफाइनल में रोहन और सिक्की ने डेनमार्क के ही मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुस्च की जोड़ी को 21-15, 21-19 हराया था।

# अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप : इंग्लैंड और दक्षिण कोरिया जीते, ट्यूनीशिया व फ्रांस हारे

ब्यूनस आयर्स । इंग्लैंड ने अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप में ट्यूनीशिया को 1-0 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया ने फ्रांस को 2-1 से हराकर सनसनी फैला दी। इंग्लैंड ने ग्रुप ई मुकाबले में डेन स्कार्लेट के पहले हाफ में हेडर पर किये गोल से मुकाबला जीता। इस मैच में ट्यूनीशिया को भी अवसर मिले पर वह उन्हें गोल में बदल नहीं पायी। वहीं दक्षिण कोरिया ने फ्रांस के खिलाफ ग्रुप एफ मैच में 22वें मिनट में ली सेयुंग वोन के गोल से बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरे हाफ में कोरियाई टीम ने ली यंग जुन के हेडर पर किये गोल से अपनी बढ़त 2-0 की कर दी। इसके बाद फ्रांस ने एलेन विरगीनियस के पेनल्टी पर किये गोल से स्कोर 2-1 कर दिया। फ्रांसीसी टीम ने इसके बाद गोल के कई प्रयास किये पर उसे सफलता नहीं मिली। ग्रुप ई के ही एक अन्य मैच में उरुग्वे ने इराक को 4-0 से हराकर शीर्ष स्थान बनाया है। वहीं ग्रुप ई के अगले दौर के मुकाबलों में गुरुवार को उरुग्वे का मुकाबला इंग्लैंड से होगी जबकि ट्यूनीशिया का इराक से होगाहै। ग्रुप एफ में गाम्बिया ने होंडुरास को 2-1 से हराया। इस प्रकार ग्रुप एफ में कोरिया शीर्ष पर पहुंच गयी है।

# शैली आने वाले समय में शीर्ष खिलाड़ी बनेगी : अंजू बॉबी

नई दिल्ली । पूर्व ओलंपियन अंजू बॉबी जॉर्ज ने एथलीट शैली सिंह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि आने वाले समय में वह विश्व की शीर्ष खिलाड़ी बनेगी। शैली ने इंडियन ग्रां प्री में 6.76 मीटर की छलांग लगाकर लंबी कूद में कांस्य पदक जीता है। यह अंजू के बाद किसी भारतीय महिला का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शैली ने सीनियर स्तर पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जापान में सेइको ग्रां प्री में 6.65 मीटर छलांग लगाकर कांस्य पदक के साथ हासिल किया है। शैली की सीनियर स्तर पर यह पहली वैश्विक प्रतियोगिता थी। अंजू ने कहा कि शैली ने 19 साल की उम्र में जितनी लंबी कूद लगाई है वह शानदार है। वह बेहतरीन प्रतिभाओं में से एक है और हमें बेहद सतर्कता के साथ उसे निखारना होगा जिससे कि परिपक्व होने पर वह विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों में से एक बन सके। विश्व चैम्पियनशिप का पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला एथलीट अंजू और उनके पति रॉबर्ट बॉबी जॉर्ज ने शैली को 2017 में खोजा था जब वह सिर्फ 13 साल की थी। शैली अभी रॉबर्ट के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग कर रही हैं। अंजू ने कहा कि जापान में कांस्य पदक जीतना शैली का प्रतिभावान एथलीट से वैश्विक स्तर पर लगातार पदक जीतने वाली खिलाड़ी के रूप में बदलाव की ओर पहला कदम है। उन्होंने कहा कि इस पदक से उसका मनोबल भी काफी बढ़ेगा। आपको बदलाव के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं और सम्मान की जरूरत होती है। उसकी उम्र अभी कम है और आगामी वर्षों में वह और अधिक उपलब्धियां हासिल करेगी। अंजू ने कहा- मुझे उम्मीद है कि शैली एशियाई खेलों में कम से कम एक पदक जीत सकती है और बुडापेस्ट में विश्व चैपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर सकती है।



# नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, रैंकिंग में वर्ल्ड चैंपियन को पछाड़ कर हासिल किया शीर्ष पद



**मुंबई (एजेंसी)।** ओलंपिक गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा ने इतिहास रच दिया है। स्टार भला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। जेवलिन थ्रो की रैंकिंग में नीरज चोपड़ा पहली रैंकिंग हासिल करने वाले खिलाड़ी बन गए है। नीरज ने ये खास उपलब्धि 22 मई को हासिल की है।

जानकारी के मुताबिक ये रैंकिंग वर्ल्ड एथलेटिक्स ने जारी की है। पुरुषों की इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर नीरज चोपड़ा ने इतिहास रच दिया है। नीरज चोपड़ा के पास वर्तमान में 1455 अंक है, जिसकी बदौलत वो शीर्ष पर पहुंचे है।

### नीरज ने कई शानदार खिलाड़ियों को पछाड़ा

नीरज ने ये उपलब्धि कई बड़े खिलाड़ियों को पछाड़ कर हासिल की है। नीरज ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स को 22 अंकों से मात देकर ये उपलब्धि पाई है, जिनके 1433 अंक है। तीसरे पायदान पर चेक रिपब्लिक के जैकब वडलेजच है। चौथे और पांचवें पायदान पर जूलियन वेबर और अरशद नदीम है। अरशद पाकिस्तान के खिलाड़ी है। अरशद और नीरज के अंकों में काफी अंतर है।

### डायमंड लीग में हासिल की थी उपलब्धि

इससे पहले नीरज चोपड़ा ने हाल ही में दोहा में आयोजित डायमंड लीग चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने इस लीग में 88.67 मीटर भला फेंक कर रिकॉर्ड कायम किया था और गोल्ड मेडल भी हासिल किया था। बता दें कि नीरज चोपड़ा को अगला टूर्नामेंट अब नीदरलैंड में खेलना है। उनका अगला टूर्नामेंट नीदरलैंड के हेंगलो में खेला जाएगा। फैनी ब्लैंकर्स कोएन गेम्स हैं, जिनका आयोजन नीदरलैंड में चार जून से होगा। इसके बाद नीरज चोपड़ा फिनलैंड के तुर्कू में होने वाले वालो नूरमी गेम्स में भी हिस्सा लेंगे।

# जॉन अब्राहम ने नागेश्वर राव में किया वॉयसओवर



एक्शन स्टार जॉन अब्राहम रवि तेजा की अपकमिंग फिल्म टाइगर नागेश्वर राव के लिए वॉयसओवर आर्टिस्ट के तौर पर काम कर रहे हैं। डबिंग सेंशन की एक झलक साझा करते हुए, जॉन अब्राहम ने अपने ट्विटर प्रोफाइल पर एक वीडियो पोस्ट की और कैप्शन में लिखा- इस अद्भुत प्रोजेक्ट का एक छोटा सा हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। टाइगर नागेश्वर राव वीडियो का पहला लुक शानदार है! आशा है आप सभी इसे पसंद करेंगे। टीजर 24 मई को एक इवेंट में लॉन्च किया जाएगा। वामसी द्वारा अभिनीत फिल्म को द कश्मीर फाइल्स के निर्माता अभिषेक अग्रवाल द्वारा बैंकरोल किया गया है। टाइगर नागेश्वर राव फिल्म में नूपुर सनन, गायत्री भारद्वाज, अनुपम खेर, रेणु देसाई और जिशु सेनगुप्ता महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। पठान के हिट होने के बाद जॉन अब्राहम तेहरान की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन अरुण गोपालन ने किया है। इसे रितेश शाह और आशीष प्रकाश वर्मा ने लिखा है और दिनेश विजान, शोभना यादव और संदीप लेजेल द्वारा निर्मित है।



# मनोज वाजपेयी की फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है का दूसरा ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी की आने वाली फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म' सिर्फ एक बंदा काफी है सच्ची घटनाओं से प्रेरित है....बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी की आने वाली फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो गया है। मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म' सिर्फ एक बंदा काफी है सच्ची घटनाओं से प्रेरित

ड्रामा है। सिर्फ एक बंदा काफी है एक आम आदमी की सच्चाई की लड़ाई जीतने की असाधारण खोज है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक आम आदमी की इच्छाशक्ति और सेल्फ स्टाइल्ड गॉडमैन की ताकत के बीच की लड़ाई में हमेशा जीत इच्छाशक्ति की ही होती है और कोई भी आदमी कानून से ऊपर

रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत में पुलिस वैन से उतरते हुए एक बाबा की झलक मिलती है, जिनकी सेशन कोर्ट में 5 बार जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। वह अब हाई कोर्ट का रुख करता है। वह पावरफुल वकीलों का सहारा लेता है, पर एक साधारण वकील के खिलाफ उनकी एक नहीं चलती। ज़ी स्टूडियो और भानुशाली स्टूडियो लिमिटेड प्रेजेंट्स अपूर्व सिंह काकरी के निर्देशन में बनी ' सिर्फ एक बंदा काफी है विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, आसिफ शेख और विशाल गुरनानी और जूही पारेख मेहता द्वारा सह-निर्मित हैं।' सिर्फ एक बंदा काफी है 23 मई 2023 को जी5 पर प्रीमियर के लिए तैयार है।



# सिद्धांत चतुर्वेदी ने फोर्ब्स एशिया की अंडर 30 लिस्ट में बनाई जगह

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री अपने प्रतिभाशाली अभिनेताओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने में बहुत गर्व महसूस करता है, और आज हम यहां सिद्धांत चतुर्वेदी की जीत का जश्न मना रहे हैं जिन्होंने फोर्ब्स एशिया की प्रतिष्ठित 30 अंडर 30 लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। उत्तर प्रदेश के एक छोटे से शहर बलिया से आने वाले सिद्धांत ने अपने चार्म और बेहतरीन एक्टिंग स्किल्स से दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब हुए हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी की लोकप्रियता में उनकी डेडिकेशन, जुनून और अद्वितीय टैलेंट का खूब हाथ है। अपनी विनम्र शुरुआत से लेकर भारत के सबसे होनहार अभिनेताओं में से एक बनने तक, सिद्धांत की यात्रा किसी इंस्पिरेशन से कम नहीं रही हैं। अपनी हर भूमिका के साथ वह दर्शकों को बांधे रखते हैं और एक अमिट छाप छोड़ते हैं। फोर्ब्स एशिया 30 अंडर 30 लिस्ट उन व्यक्तियों को पहचानती है जिन्होंने अपने फील्ड में अहम योगदान दिया है, और सिद्धांत का फिल्म इंडस्ट्री में शामिल होना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित करता है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उनकी प्रतिभा पर रोशनी डालता है और न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में उनकी बढ़ती लोकप्रियता का सबूत भी पेश करता है। क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्म गली बॉय में एमसी शेर के रूप में अपनी सफल भूमिका के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी ने सबके होश उड़ा दिए। एक स्ट्रीट रैपर के मेंटर के उनके किरदार ने आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से तारीफ हासिल की, जिसके लिए उन्हें कई अवॉर्ड्स और नॉमिनेशन्स भी मिले। उनकी गतिशील ऑन-स्क्रीन उपस्थिति और उनके कैरेक्टर्स में गहराई लाने की क्षमता ने उन्हें फिल्मी जगत में एक ताकत बना दिया है। अपने अभिनय कौशल के अलावा, सिद्धांत चतुर्वेदी के पास एक अनोखा चार्म है जो दर्शकों के साथ प्रतिध्वनित होता है। उनकी विनम्रता, डाउन-टू-अर्थ नेचर और संक्रामक मुस्कान ने उन्हें मीडिया का फेवरेट और उनके सहयोगियों के बीच पसंदीदा बना दिया है। सिद्धांत अपनी बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, जमीन से जुड़े रहें और अपने शिल्प के प्रति कमिटेड रहें, सीमाओं को पार करने और असाधारण प्रदर्शन देने के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं। फोर्ब्स एशिया की 30 अंडर 30 लिस्ट में सिद्धांत का शामिल होना एक रिमाइंडर है कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती है। उनकी उपलब्धियां न केवल महत्वाकांक्षी अभिनेताओं बल्कि सभी फील्ड्स के युवाओं को अपने सपनों को लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं।



# सिर्फ पैसों के लिए करती हूं फिल्में: कंगना

कंगना रनोट और दीपिका पादुकोण के बीच पिछले काफी वक्त से कोल्ड वॉर चलता आ रहा है। हालांकि, बीते दिनों कंगना ने दीपिका की ऑस्कर स्पीच को लेकर उनकी तारीफ करके सभी को हैरान कर दिया था। अब दोनों एक्ट्रेसेस का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे पैसे को लिए फिल्में साइन करने की बात कर रही हैं। इस वीडियो में जहां कंगना यह मान रही हैं कि वे पैसों के लिए फिल्में साइन करती हैं वहीं दीपिका उन्हें उनकी चॉइस के लिए क्रिटिसाइज

एक्ट्रेसेस से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी पैसों के लिए फिल्म साइन की है? तो दीपिका कहती हैं कि उन्होंने ऐसा कभी नहीं किया, वहीं कंगना जवाब देती हैं कि वे सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन कर चुकी हैं।

**भीड़ और स्टेज से लगता है डर**

हालांकि, इसके बाद कंगना खुद को जस्टिफाई करते हुए अपने करियर ग्राफ पर बात करते हुए कहती हैं, अगर आप मेरे करियर ग्राफ को देखेंगे तो आप नोटिस करेंगे कि कभी मेरे पास अच्छी फिल्में रही हैं तो कभी कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं जो दूसरों के हिसाब से अच्छी नहीं थीं। मैंने कई बार ऐसी सिचुएशन का सामना किया है जहां मुझे फैसला लेना होता था कि मुझे शादी में डांस करना है या फिल्म में काम करना है। मुझे भीड़ और स्टेज दोनों से ही डर लगता है। ऐसे में भले ही किसी फिल्म में मेरा कोई खास किरदार न हो पर मैं उसे करना प्रिफर करती हूं। मेरे लिए फिल्म में काम करना ज्यादा आसान है



# एक साथ नजर आएंगे राणा दग्गुबाती-श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर ने रविवार यानी 21 मई 2023 को अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। यह किसी फिल्म के टीजर सा नजर आ रहा है। वीडियो में श्रद्धा कपूर और राणा दग्गुबाती नजर आ रहे हैं। आपको बता दे कि राणा साउथ फिल्म इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर हैं। वीडियो की स्टार्टिंग में लिखा आता है क्लेयर जोनी पेश करते हैं मोस्ट वांटेड। फिर स्टार्टिंग विद श्रद्धा कपूर के साथ एक्ट्रेस की एक झलक दिखाई जाती है और साथ ही राणा दग्गुबाती भी दिखाई देते हैं। वीडियो के एंड में लिखा आता है कि यह 1 जून 2023 को देशभर में रिलीज होने वाली है। वीडियो में श्रद्धा कपूर काफी डरी हुई और भागती नजर आती है, वहीं राणा दग्गुबाती पेंट सूट पहने किसी की तलाश में होते है। वीडियो के बैकग्राउंड में सिर्फ एक म्यूजिक सुनाई देता है।

# जुबली और ताज की सक्सेस पर बोलीं अदिति



हाल ही में अदिति राव हैदरी एक अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने अपने करियर और पर्सनल लाइफ के बारे में मीडिया से बात की। उन्होंने जूम से बात करते हुए बताया कि जुबली और ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड जैसी वेब सीरीज में काम करने के बाद अब उन्हें ओटीटी की पकड़ का अंदाजा हुआ है। उन्होंने ये भी बताया कि कुछ समय पहले तक उनका मानना ये था कि सिर्फ बिग स्क्रीन पर आने वाली फिल्में ही अच्छा परफॉर्म कर सकती हैं। लेकिन, उन्हें इस बात की खुशी है कि वो गलत साबित हुईं। अदिति ने ओटीटी पर आने वाले कंटेंट की पहुंच के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा- अब काफी एक्टर्स ह्रअ्र को लेकर सीरियस हैं। नए लोग भी मीडियम की परवाह किए बगैर ही ओटीटी पर हाथ आजमाने को तैयार हैं क्योंकि अब हमें इसकी पहुंच और पकड़ का अंदाजा है।

**लॉकडाउन की वजह से ओटीटी पर रिलीज हुई थी फिल्म**

अदिति ने 2020 में मलयाली फिल्म सूफियम सुजातायुम के साथ ओटीटी डेब्यू किया था। उन्होंने कहा- मैंने मलयाली फिल्म में काम किया था, जो थिएटर के लिए बनाई गई थी। लेकिन, लॉकडाउन की वजह से फिल्म को ओटीटी पर रिलीज कर दिया गया। इस वजह से मैं काफी अपसेट थी। लेकिन, फिल्म को इतना पसंद किया गया कि रिलीज के बाद रातों-रात इससे जुड़ा कंटेंट वायरल होने लगा। ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी क्योंकि मलयालम इंडस्ट्री में किसी आउटसाइडर का जगह बनाना थोड़ा मुश्किल है। ओटीटी पर इस फिल्म को जो सक्सेस मिली, उसके बाद से मेरे मन से मीडियम का डर खत्म हो गया।

**काम पसंद हो और तारीफ भी मिले तो मजा दोगुना हो जाता है**

ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड और जुबली को मिल रहे प्यार पर अदिति ने कहा- ताज में काम करना बेहतरीन अनुभव था। मुझे अब भी यकीन नहीं होता कि मुझे इन दोनों शोज के लिए इतना प्यार मिला। जब आपको कोई काम करना पसंद हो, और आपको उसे लेकर तारीफ भी मिल रही हो, तब काम करने का मजा दोगुना हो जाता है। ऑडियंस ने मुझे और मेरे काम को सराहा है, मुझे इस बात की खुशी है।

**तमिल एक्टर सिद्धार्थ के साथ रिलेशनशिप पर फिर साधी चुप्पी**

इसके अलावा अदिति ने तमिल एक्टर सिद्धार्थ सूर्यनारायण के साथ अपने रिलेशनशिप पर भी बात की। कुछ दिनों पहले अदीति-सिद्धार्थ ने 'टम-टम' गाने पर डांस करते हुए रील भी शेयर की थी। जब उनसे सिद्धार्थ के साथ रिलेशनशिप के बारे में पूछा गया तब उन्होंने शर्माते हुए अपने हाथ क्रॉस किए और मुंह बंद करने जैसा इशारा किया। अदिति और सिद्धार्थ पहली बार फिल्म महा समुद्रम के सेट पर मिले थे। इसके बाद कई बार उन्हें मुंबई में साथ लंच करते भी देखा गया। सिद्धार्थ ने जुबली का स्क्रीनिंग शो भी अटेंड किया था। वहीं, पिछले साल दोनों ए आर रहमान की बेटी के रिसेप्शन में भी साथ दिखे थे। जल्द ही अदिति संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरा मंडी में दिखाई देंगी।

# सारा अली ने की इब्राहिम के एक्टिंग डेब्यू की पुष्टि



सारा अली खान इन दिनों सुपर बिजी चल रही हैं। अभिनेत्री, जो विक्की कौशल के साथ जरा हटके जरा बचके शीर्षक वाली अपनी अगली फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने इस साल कान्स में अपनी शुरुआत की! अभिनेत्री 20 मई को भारत लौटी। कान में अभिनेत्री ने अपने भाई इब्राहिम अली खान के बारे में एक बड़ा खुलासा किया। उसने पुष्टि की कि इग्गी पॉटर, जैसा कि वह उसे प्यार से बुलाती है, एक अभिनेता के रूप में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार है। खास बात यह है कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है! सारा अली खान ने पुष्टि की है कि उनके भाई, इब्राहिम अली खान, अपने अभिनय की शुरुआत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कान्स फिल्म फेस्टिवल में फिल्म साथी के साथ बात करते हुए, सारा ने अपने भाई इब्राहिम और मां अमृता के बारे में बात की और खुलासा किया, उन्होंने एक अभिनेता के रूप में अपनी पहली फिल्म की शूटिंग अभी पूरी की है, जिस पर मुझे विश्वास नहीं हो रहा है। हां, उसके पास है और जब भी वह घर आता है, चाहे वह स्कूल से हो या शूट से, हम दोनों का उसके प्रति बेहद प्यार और पसंद, यह रवैया है और तब मुझे एहसास हुआ कि मेरे पास मेरी मां का दिल है। क्योंकि हम इब्राहिम के साथ बहुत समान व्यवहार करते हैं। तथ्य यह है कि इब्राहिम ने अपनी पहली फिल्म के रूप में धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म साइन की है। एक मीडिया हाउस ने इब्राहिम अली खान की धर्मा प्रोडक्शन के साथ पहली फिल्म का नाम अस्थायी रूप से सरजमीन बताया है। यह इमोशनल थ्रिलर होगी जिसमें इब्राहिम अहम भूमिका निभाएंगे।

# मनोज बाजपेयी ने की शाहरुख खान की तारीफ



बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है को लेकर सुर्खियों में हैं। मनोज बाजपेयी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में एक प्रमोशन इंटरव्यू के दौरान मनोज ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की तारीफ की। उन्होंने बताया कि वह शाहरुख खान को काफी सालों से जानते हैं। मनोज बाजपेयी ने कहा कि वह शाहरुख की बहुत इज्जत करते हैं। शाहरुख ने जैसे अपने आप को बनाया है, शायद ऐसा कोई नहीं कर पाएगा। यंग एज में ही शाहरुख के मां-बाप गुजर गए। उनके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था, बावजूद इसके वे पीछे नहीं हटे। उन्होंने बिना निराश हुए खूब मेहनत की और अपनी अलग पहचान बनाई। मनोज बाजपेयी ने कहा, मुझे बहुत खुशी होती है उनको उस मुकाम पर देखकर, जिस तरह की दुनिया उन्होंने खड़ी की है अपने लिए। एक व्यक्ति जिसकी पूरी दुनिया उजड़ चुकी थी। 26 साल की उम्र में उसका पूरा परिवार जा चुका था। फिर उसने अपनी दुनिया खड़ी की, परिवार अपना क्रिएट किया, अपने लिए इतना बड़ा नाम, इज्ज़त बनाया।



# विवेक ने सेलिब्रिटीज के फैशन सेंस पर कसा तंज

डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने कांस फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने वाले सेलिब्रिटीज के लुक पर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि कांस कोई फैशन शो नहीं बल्कि फिल्म फेस्टिवल है। इससे पहले भी विवेक अग्निहोत्री ऐश्वर्या राय के कांस 2023 लुक पर कमेंट कर चुके हैं। उन्होंने ऐसे सेलिब्रिटीज की ड्रेसिंग सेंस पर कमेंट किया था जिनके कपड़े संभालने के लिए रेड कार्पेट पर किसी हेल्पर को भी साथ चलना पड़ता है। हालिया ट्वीट में विवेक अग्निहोत्री ने लिखा- क्या आप जानते हैं कि कांस फिल्म फेस्टिवल है, कोई फैशन शो नहीं? मैंने सोचा आपको आज याद दिला दूं कि ये कोई फैशन शो तो बिल्कुल नहीं है। वहीं, फिल्ममेकर और एक्ट्रेस नंदिता दास ने भी अपने कांस लुक की थ्रोबैक फोटो शेयर की हैं। इस साल नंदिता कांस फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं होंगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए लिखा- मैं इस साल कांस में नहीं जा रही हूं। कभी-कभी लोग ये भूल जाते हैं कि फैशन का नहीं फिल्मों का त्यौहार है। विवेक अग्निहोत्री ने ऐश्वर्या राय की फोटो शेयर करते हुए ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था - क्या आपने कॉस्टयूम स्लेव्स सुना है? कॉस्टयूम स्लेव्स यानी कपड़े संभालने के लिए रखे गए नौकर। उन्होंने आगे लिखा- ज्यादातर ये काम लड़कियों से कराया जाता है। इस केस में बात अलग है। अब तो इंडिया में भी लगभग हर फीमेल सेलेब्रिटी के साथ इन्हें देखा जा सकता है। हम पर ऐसे फैशन का जुनून सवार हो गया है जो न सिर्फ बेवकूफी भरा लगता है बल्कि पहनने में आरामदायक भी नहीं है। इस साल फ्रांस में हुए 76वें कांस फिल्म फेस्टिवल में ऐश्वर्या राय, सारा अली खान, मृणाल ठाकुर, मानुषी छिल्लर, ईशा गुप्ता, डायना पेंटी समेत कई सेलेब्रिटीज शामिल हुए थे।